दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



रहस्य रोमांच से भरपूर साइंस फिक्शन ......

मानव शरीर......

वर्ष : 11 | अंक : 73 | लखनऊ, 01 मार्च, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# विरोधियों ने महाकुंभ के दुष्प्रचार का कोई मौका चूका नहीं : सीएम योगी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



महाकुंभ नगर (उप्र)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि महाकुंभ जैसा इतना विशाल समागम दुनिया में कहीं नहीं हुआ लेकिन विरोधियों ने इसके दुष्प्रचार का कोई मौका नहीं चूका। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यहां स्वच्छता और स्वास्थ्य कर्मियों के सम्मान के लिए आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, महाकुंभ में 66 करोड़ 30 लाख श्रद्धालु आए, जिसमें अपहरण, लूट, छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोई घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा, कोई ऐसी घटना नहीं हुई जो विरोधियों को दूरबीन और माइक्रोस्कोप लगाकर भी ढूंढने से मिल सके। विरोधियों ने दुष्प्रचार का कोई मौका चूका नहीं। जिन्हें यह आस्था का महासमागम अच्छा नहीं लगा, उन्होंने कोई मौका नहीं चूका। मुख्यमंत्री ने कहा, मौनी अमावस्या पर आठ करोड़ श्रद्धालु यहां पर थे। हमारी प्राथमिकता थी कि इन श्रद्धालुओं को सकुशल स्नान कराके उन्हें उनके गंतव्यों तक पहुंचाया जाए। लेकिन विरोधी और विपक्षी लगातार दुष्प्रचार कर रहे थे और अपमानित करने की का उपयोग कर रहे थे। उन्होंने कहा, कोई काहिरा की घटना का दृश्य दिखाकर प्रयागराज को बदनाम कर रहा था। मौनी अमावस्या पर 28-29 जनवरी की रात को दुखद घटना घटित हुई थी। उन सभी लोगों के परिजनों के प्रति हमारी संवेदना है। लेकिन काहिरा और काठमांडू की घटना को प्रयागराज से जोड़कर बदनाम करने की साजिशें हो रही थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि जनता जनार्दन ने एक सिरे से इन्हें खारिज करके प्रयागराज महाकुंभ में आकर यह साबित किया कि तुम्हारे दुष्प्रचार में नहीं आएंगे।

योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महाकुंभ को लेकर मध्य प्रदेश में की गई बातों का उल्लेख करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में महाकुंभ में स्वच्छता और सुरक्षा की सबसे अधिक प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा, सरकार के सभी विभागों ने स्वास्थ्य, सुरक्षा, सिंचाई विभाग, जलापूर्ति, परिवार कल्याण विभाग के कर्मचारियों ने इस आयोजन को अपने घर का आयोजन बनाकर इसे भव्य और सफल बनाने का काम किया और तभी इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस आयोजन का हिस्सा बन सके। उन्होंने कहा, महर्षि वेद व्यास ने 5,000 साल पहले कहा था कि धर्म के मार्ग पर चलो तो इससे अर्थ और मनोकामनाओं की पूर्ति होगी और प्रयागराज के वासियों ने वेद व्यास की इस वाणी को सत्य साबित किया। उन्होंने कहा, प्रयागराज नगर निगम में शिवालय पार्क बनाया और उसमें किए गए निवेश से कई गुना अधिक मुनाफा कमाया। यह आयोजन संपन्न हुआ और अब स्वच्छता को नए शिखर पर ले जाना है। मैंने आज स्वच्छता अभियान शुरू किया और चाहूंगा सभी इसमें शामिल हों और अगले 15 दिन जी जान से इसमें जुटना पड़ेगा और मेला क्षेत्र को साफ करना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में कार्य करने वाले प्रत्येक स्वच्छता कर्मी के लिए 10,000 रुपये अतिरिक्त बोनस देने की घोषणा की।

## संभल की जामा मस्जिद की नहीं होगी रंगाई-पुताई, सिर्फ साफ-सफाई की इजाजत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



संभल, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को संभल में जामा मस्जिद के परिसर को साफ करने का निर्देश दिया, लेकिन मस्जिद की सफेदी करने का आदेश पारित नहीं किया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने यह आदेश जामा मस्जिद प्रबंधन समिति के एक आवेदन पर पारित किया, जिसमें रमजान से पहले मस्जिद की सफेदी और सफाई की अनुमति मांगी गई थी। गुरुवार को अदालत ने एएसआई को मस्जिद स्थल का तुरंत निरीक्षण करने और तीन अधिकारियों की एक टीम नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो शुक्रवार सुबह 10 बजे तक इस संबंध में एक रिपोर्ट पेश की।

एएसआई की रिपोर्ट के मुताबिक, मस्जिद के अंदरूनी हिस्से में सिरेमिक पेंट है और फिलहाल इसे सफेद करने की कोई जरूरत नहीं है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान मस्जिद समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस एफ ए नकवी ने कहा कि वे चाहते हैं कि केवल सफेदी और रोशनी का काम किया जाए। इस पर कोर्ट ने एएसआई को परिसर में धूल साफ करने और घास साफ करने को कहा। नकवी ने अदालत को आश्वासन दिया कि सफाई के दौरान कोई बाधा उत्पन्न नहीं की जाएगी जबकि राज्य के महाधिवक्ता ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखी जाएगी।

संभल पुलिस ने इस दावे का विरोध करते हुए तर्क दिया कि समिति को किसी भी रखरखाव कार्य के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से अनुमति की आवश्यकता है। जवाब में, मस्जिद अधिकारियों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और कहा कि अतीत में अन्य विशेष अवसरों के लिए भी इसी तरह का काम किया गया था। मस्जिद अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि पुलिस की आपत्ति ने धार्मिक गतिविधियों का स्वतंत्र रूप से अभ्यास करने और प्रबंधन करने के उनके अधिकार का उल्लंघन किया है, जिसकी गारंटी संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 द्वारा दी गई है।

| मौसम | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

| बाजार | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

## बस और कार की भिड़ंत में दंपत्ति व उनके दो बेटों समेत पांच की मौत, 9 घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बनासकांठा, गुजरात के बनासकांठा जिले मेंकार (एसयूवी) और एक बस के बीच हुई टक्कर में एक दंपति और उनके दो बेटों सहित पांच लोगों की मौत हो गई जबकि नौ व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अमीरगढ़ कस्बे के पास शाम करीब साढ़े चार बजे यह हादसा हुआ। पुलिस ने कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) से भिड़ी बस राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की थी। अमीरगढ़ के पुलिस निरीक्षक एस के परमार ने बताया, यह हादसा उस दौरान हुआ जब बस राजस्थान के सिरोही की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि एसयूवी का चालक लापरवाही से राजमार्ग पर गलत दिशा में गाड़ी चला रहा था और इस हादसे में चालक की भी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में एसयूवी चालक दिलीप खोखरिया (32) के अलावा चार अन्य की भी मौत हो गई। परमार ने बताया कि इस हादसे में बस में सवार छह लोगों सहित नौ व्यक्ति घायल हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान खोखरिया की पत्नी मेवलीबेन (28), उनके दो बेटों रोहित (6) और ऋत्विक (3) के रूप में हुई है। वहीं, अन्य मृतक की पहचान सुंदरीबेन सोलंकी (60) के रूप में हुई है।

## यूरोपियन कमीशन की चीफ के साथ बैठक के बाद बोले पीएम मोदी

### लोगों से लोगों का जुड़ाव हमारे संबंधों की सबसे मजबूत संपत्ति

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, वॉन डेर लेयेन के साथ वार्ता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत एवं यूरोपीय संघ की रणनीतिक साझेदारी स्वाभाविक है; भरोसा और लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास इसका मूल है। वॉन डेर लेयेन यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष और ह्यकॉलेज ऑफ कमिशनर्सह्न की यह भारत यात्रा अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि भारत एवं यूरोपीय संघ के बीच साझेदारी को बढ़ावा और गति देने के लिए कई निर्णय लिए गए हैं।

मोदी ने कहा कि हमने अपनी-अपनी टीम को इस वर्ष के अंत तक पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय एफटीए संपन्न करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि निवेश संरक्षण और जीआई समझौतों की दिशा में प्रगति पर चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। मुझे विश्वास है कि आईएमईईसी गलियारा वैश्विक वाणिज्य, सतत विकास और समृद्धि को आगे बढ़ाने का इंजन साबित होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों से लोगों का जुड़ाव हमारे संबंधों की सबसे मजबूत संपत्ति है। हमारे बीच शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग साझेदारी बढ़ाने को लेकर नए सिरे से समझौता हुआ है। मेरा मानना है कि भारत की युवा प्रतिभा और यूरोप का इनोवेशन मिलकर असीमित संभावनाएं पैदा कर सकते हैं। हम यूरोपीय संघ की नई वीजा ₹कैस्केड₹ व्यवस्था का स्वागत करते हैं। इससे भारत के प्रतिभाशाली युवाओं की क्षमता को बेहतर गतिशीलता मिलेगी। आज, हमने निर्णय लिया है कि हम 2025 से भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी का एक साहसिक और महत्वाकांक्षी रोडमैप तैयार करेंगे। इसे अगले भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन के दौरान लॉन्च किया जाएगा। आपकी यात्रा हमारी महत्वाकांक्षा को क्रियान्वित करने में सबसे बड़ा उत्प्रेरक है।

## संक्षिप्त समाचार

### मकान गिरने से मलबे में दबी एक महिला और उसके बेटे की मौत, दो अन्य घायल

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

जयपुर, जयपुर ग्रामीण के सांभर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक मकान गिर गया, जिसके मलबे में दब कर एक महिला और उसके बेटे की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने इसकी जाकारी दी। थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि रिणगी गांव में शुक्रवार की सुबह एक मकान का एक हिस्सा ढह गया और मलबे में दबने से घर के अंदर सो रही हंसा देवी (35) और उसके बेटे लोकेश (7) की मौत हो गयी, जबकि महिला का एक और बेटा दिलसुख तथा रिश्तेदार चंदाराम घायल हो गया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पता चला कि मकान उसमें पड़े दरार के कारण गिरा है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये हैं और इस संबंध में मृग दर्ज कर जांच की जा रही है।

### जम्मू में आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त, एक घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

श्रीनगर, जम्मू कश्मीर के सांबा जिले में बृहस्पतिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक शिव मंदिर का गुंबद क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में गिरे पत्थर की चपेट में आने से एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। अधिकारियों के अनुसार, विजयपुर क्षेत्र के गोरामोड़ स्थित मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं का एक समूह लंगर सेवा के लिए एकत्र हुआ था और इसी दौरान उसके (मंदिर के) गुंबद पर आकाशीय बिजली गिर गई।

## उत्तराखंड हिमस्खलन : 57 मजदूरों में से 32 बचाए गए

### 25 की तलाश जारी, युद्ध स्तर पर बचाव कार्य जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



चमोली, उत्तराखंड के चमोली जिले में माणा के पास शुक्रवार को भारी हिमस्खलन हुआ, जिसमें सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के साथ काम कर रहे कम से कम 57 मजदूर फंस गए। यह घटना भारत-चीन सीमा के पास ऊंचाई वाले इलाके में हुई, जहां बीआरओ के जवान सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। फिलहाल 32 मजदूरों को बचाया जा चुका है। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा कि शाम 5:00 बजे तक 32 लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका था। बाकी 25 लोगों को निकालने की प्रक्रिया जारी है। चमोली जिले में बद्रीनाथ धाम से 6 किमी आगे हिमस्खलन में फंसे लोगों को बचाने के लिए राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चमोली जिले में हुए हिमस्खलन को लेकर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी समेत डीजी आईटीबीपी और डीजी एनडीआरएफ से बात की। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिमस्खलन पर गहरी चिंता व्यक्त की है। सीएम धामी ने पुष्टि की कि प्रभावित क्षेत्र में राहत और बचाव अभियान चलाने के लिए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), बीआरओ और अन्य बचाव दल तैनात किए गए हैं। खराब मौसम और लगातार बर्फवारी के कारण मौके पर बचाव एवं राहत कार्य चलाने में मुश्किलें आ रही हैं। हांलांकि, घटना में अभी किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

बदरीनाथ से करीब तीन किलोमीटर दूर माणा भारत तिब्बत सीमा पर बसा आखिरी गांव है जो 3200 मीटर की उंचाई पर स्थित है। हादसा स्थल हिमस्खलन की दृष्टि से शीतकाल में खतरनाक माना जाता रहा है इसलिए पूर्व में इस कैंप से लोगों को हटाकर बदरीनाथ में रखा जाता था। माणा के गांव प्रधान पिताम्बर सिंह ने पीटीआई को बताया कि इस बार बर्फ नही गिरने से कैंप बंद नहीं किया गया था और आज मजदूर हादसे की चपेट में आ गए। बद्रीनाथधाम, नर और नारायण पर्वत की तलहटी पर बसा है जिसके बीचोंबीच अलकनंदा नदी प्रवाहित होती है।हादसा नर पर्वत से आए हिमस्खलन के कारण हुआ।

## तपेदिक को खत्म करने का लक्ष्य इस साल हासिल कर लेगा भारत: नड्डा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

भुवनेश्वर। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा कि भारत इस साल के अंत तक देश से तपेदिक (टीबी) को खत्म करने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। नड्डा ने यह बात ओडिशा के पुरी में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में अच्छे एवं अनुकरणीय व्यवहारों और नवाचारों पर 9वें राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कही। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) ने दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया है। नड्डा ने कहा, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुसार, भारत को 2030 तक टीबी को खत्म करना है।

लेकिन, हम इस लक्ष्य को 2025 तक हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा, देश भर के 455 जिलों में जारी 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान हमने पहले ही पांच लाख टीबी रोगियों की पहचान की है। एक व्यापक अभियान जारी है। हम अभियान के तहत सभी आकांक्षी जिलों और आकांक्षी प्रखंडों को शामिल करने जा रहे हैं ताकि 2025 के अंत तक तपेदिक को खत्म करने में सक्षम हो सकें।

## भारत की बुनियाद सनातन धर्म में निहित है : उपराष्ट्रपति धनखड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत की गहरी आध्यात्मिकता और प्राचीन सभ्यता को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि देश की बुनियाद सनातन धर्म में निहित है। धनखड़ ने आध्यात्मिक गुरु श्रील प्रभुपाद की 150वीं जयंती के अवसर पर यहां एकत्र लोगों से कहा कि अहिंसा, शांति और भाईचारे के अपने संदेश के जरिये लंबे समय से दुनिया का पथ प्रदर्शक रहा भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा, सनातन का अर्थ है समावेशिता, सार्वभौमिक मूल्य, देशभक्ति। इसका अभिप्राय जाति, पंथ और आर्थिक विभाजन से ऊपर उठना भी है। उन्होंने भारत की धरोहर का उल्लेख करते हुए कहा, विश्व में (भारत को छोड़कर) किसी भी देश की संस्कृति 5,000 वर्ष पुरानी नहीं है। भारत विश्व का आध्यात्मिक केंद्र रहा है और हमें इस गति को बनाये रखना होगा।

धनखड़ ने 1,000-1,200 साल पहले नालंदा और तक्षशिला जैसे प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों पर हुए हमलों को लेकर भी अफसोस जताया। उन्होंने कहा, हमने अकल्पनीय बर्बरता देखी, फिर भी हम उठ खड़े हुए। अब, भारत फिर से विकास और प्रगति के पथ पर है, जो आध्यात्मिक विकास के बिना संभव नहीं है।

धनखड़ ने यह भी कहा कि विश्व, भारत की आध्यात्मिकता और सभ्यता को श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, श्री चैतन्य और श्रील प्रभुपाद जैसी महान हस्तियों के कारण जानता है। उन्होंने कहा, बंगाल खुदीराम बोस और चितरंजन दास की जन्मभूमि है। यह श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भी जन्मभूमि है, जिनका मार्गदर्शन राज्य और देश दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है।

## आईटी कंपनी के कर्मचारी ने की लाइव आत्महत्या

### 'मेरी पत्नी किसी और के साथ सोती है...' गले में फंदा बांधकर जान देने से पहले रिकॉर्ड किया वीडियो

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

आगरा, उत्तर प्रदेश के आगरा शहर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी द्वारा कथित तौर पर प्रताड़ित किए जाने के कारण 7 मिनट का वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान मानव शर्मा के रूप में हुई है और वह सदर इलाके में डिफेंस कॉलोनी का निवासी था। वह कथित तौर पर एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में भर्ती प्रबंधक के रूप में कार्यरत था। 24 फरवरी को मानव ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पीड़ित के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस घटना की तुलना हाल ही में बेंगलुरु में अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले से की जा रही है। शर्मा 24 फरवरी को अपने घर में लटके हुए पाए गए थे।



### पत्नी पर बेवफाई का आरोप लगाते हुए पति ने कर ली आत्म हत्या, वीडियो वायरल

मरने से पहले उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया था, जिसमें उसके गले में फंदा पंखे से बंधा हुआ दिखाई दे रहा था। वीडियो में मानव ने कहा कि वह अपनी पत्नी के उत्पीड़न से तंग आ चुका था। वीडियो में, वे रोते हुए और अधिकारियों से पुरुषों के बारे में सोचने की विनती करते हुए देखे गए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि कानून पुरुषों की रक्षा नहीं करते हैं, तो आरोप लगाने के लिए कोई पुरुष नहीं बचेगा। शर्मा ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था, उन्होंने अपनी कलाई पर कट के निशान दिखाए। वीडियो के अंत में उन्होंने कहा, मेरी मृत्यु के बाद मेरे माता-पिता को मत छूना। घटना के बाद, शर्मा के पिता ने सदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपने बेटे की मौत के लिए अपनी बहू को जिम्मेदार ठहराया।

### पत्नी ने आरोपों से किया इनकार, ससुराल वालों को ठहराया दोषी

शर्मा की पत्नी ने सभी आरोपों से इनकार किया और आरोप लगाया कि उनके पति शराब की लत से जूझ रहे थे और पहले भी कई बार खुद को नुकसान पहुँचा चुके थे।

### पत्नी ने बेवफाई के आरोपो का दिया सामने आकर जवाब

महिला ने कहा कि वह बहुत ज्यादा शराब पीते थे और कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे। मैंने उन्हें तीन बार बचाया। शराब पीने के बाद उन्होंने मेरे साथ मारपीट भी की। मैंने अपने ससुराल वालों को कई बार बताया, लेकिन उन्होंने मेरी विनती को नजरअंदाज कर दिया। बेवफाई के आरोपों के बारे में उन्होंने कहा, ये सब हमारी शादी से पहले की बात है। शादी के बाद कुछ नहीं हुआ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लापता किशोरी का अब तक नहीं चल सका पता, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर से बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी का अब तक पता नहीं चल सका है। काफी खोज बीन के बाद परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। सरोजनीनगर के रनियापुर, दरोगा खेड़ा निवासी मूलचंद के मुताबिक बीती 23 फरवरी की दोपहर उनकी 17 वर्षीया बेटी चंद्रा अचानक घर से बिना बताए कहीं गायब हो गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसके फोन पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन मोबाइल लगातार स्विच ऑफ बताता रहा। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारी और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का पता नहीं चल सका। जिसके बाद पीड़ित परिवार ने सरोजनीनगर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में मंगलवार रात तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार की गुरुवार को ट्रामा सेंटर में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने लोडर वाहन चालक के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीतापुर जिले के रामकोट स्थित खैरेपारा निवासी उर्मिला देवी के मुताबिक उसका पति सुनील कुमार मिश्रा मंगलवार को अपने बेटे से मिलने बाइक से सरोजनीनगर के पराग चौराहा जा रहे थे। तभी रात 11 बजे विश्वनाथ अकैडमी की तरफ से पराग चौराहे की तरफ आते समय पीछे से तेज रफ्तार लोडर (यूपी 32 एक्सएन 1734) के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाकर उनकी बाइक में ठोकर मार दी। जिससे सुनील गिर कर बुरी तरह घायल होने के साथ बेहोश हो गए। उन्हें लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन ट्रामा में गुरुवार को इलाज के दौरान सुनील की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने उर्मिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर वाहन नंबर के आधार पर उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# रमजान पर लखनऊ के बाजार हुए गुलजार

## इस्लामिक सेंटर में महिलाओं की होगी तरावीह की नमाज; इफ्तार में मिलेगी दुबई की मिठाई

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, लखनऊ में बाजारों से लेकर मस्जिदों तक रजमानुल मुबारक की तैयारियां पूरी हो चुकी है। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का 9 वां महीना है। यह रहमतों, बरकतों वाला महीना कहा जाता है। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर रमजान गाइड लाइन जारी की गई। अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि जिला प्रशासन के साथ बैठक में बिजली और सफाई व्यवस्था समेत तमाम आवश्यकताओं को सुचारू बनाएं रखने की बात कही गई। इस महीने में तरावीह की खास नमाज होती है। इफ्तार और सेहरी के वक़्त बाजारों की रौनक बढ़ जाती है। रमजान की सबसे अधिक रौनक अमीनाबाद, मौलवी गंज, चौक, नक्खास, अकबरी गेट, रूमीगेट, घंटाघर और छोटा इमामबाड़ा के बाहर देखने को मिलती है। इस वर्ष घंटा घर के पास बना हुसैनाबाद फूड कोर्ट लोगों की बेहद खास रहेगा।

### 70 गुना मिलता है नेकी का सवाब

मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि इस्लाम में रमजान सभी महीना में सबसे मुबारक महीना माना जाता है। ये वो पवित्र महीना है जिसमें कुरान को उतारा गया। सभी स्वस्थ और बालिग लोगों के लिए रोजा रखना आवश्यक है। इस महीने में हर नेकी का सवाब 70 गुना कर दिया जाता है। इस पूरे महीने में रोजा रखना चाहिए और 24 घंटा इबादत में गुजारना चाहिए। कोई भी ऐसा कार्य नहीं करना चाहिए जिससे दूसरे लोगों को नुकसान हो।

### महिलाओं के लिए तरावीह की नमाज की विशेष व्यवस्था

28 फरवरी को चांद देखा जाएगा। अगर शुक्रवार को चांद नजर आ जाएगा तो उसी दिन तरावीह शुरू हो जाएगी। चांद नजर ना आने पर 1 मार्च से तरावीह की शुरूआत और 2 मार्च को पहला रोजा होगा। मौलाना ने कहा कि इफ्तार के समय आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का विशेष ध्यान रखें। आर्थिक रूप से सम्पन्न लोग 2.5% जकात गरीबों में वितरित करें। सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज होती है। जहां प्रतिदिन 5 पारा से लेकर 1 पारा तक कुरान सुना जाता है। ईदगाह में प्रतिदिन 5 पारा पढ़ाया जाएगा। महिलाओं के लिए भी जमात के साथ तरावीह की नमाज पढ़ने की विशेष व्यवस्था की गई है।

### सेहरी से इफ्तार तक मिलेगी इदरीस बिरयानी

लखनऊ की प्रसिद्ध इदरीस बिरयानी के मालिक अबू बकर ने कहा कि रमजान की सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। इस महीने में ग्राहकों की संख्या बढ़ जाती है । ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टाफ की संख्या दोगुनी करनी पड़ती है। बिरयानी के साथ कुलचे-निहारी की भी डिमांड होती है। दुकान दोपहर 3 बजे खुलती है और सुबह 4 बजे तक चलती है। रमजान में ज्यादातर ग्राहक रोजा खोलने के समय आते हैं या फिर देर रात सहरी में भीड़ होती है। लोगों को रमजान के महीने का इंतजार रहता है। इस महीने में व्यापार में भी बढ़ोतरी होती है।

## बेखौफ चोरों ने दो सगे भाइयों के बंद मकानों को बनाया निशाना

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में बीती रात बेखौफ चोरों ने दो सगे भाइयों के बंद मकानों को अपना निशाना बनाया। चोरों ने दोनों मकानों के ताले तोड़कर इत्मिनान से पूरे घरों को खंगाला। लेकिन उन्हें यहां से कोई कीमती सामान नहीं मिल सकी। जिसकी वजह से खाली हाथ ही लौटना पड़ा। रेलवे कर्मी सुनील कुमार और आंचलिक विज्ञान केंद्र में काम करने वाले उसके भाई अनिल कुमार के एक-एक मकान आलमबाग, जबकि एक-एक मकान बिजनौर के न्यू रहीमाबाद स्थित स्पर्श पैराडाइज कॉलोनी में है। दोनों भाई ज्यादातर आलमबाग वाले घरों में परिवार सहित रहते हैं। जबकि बिजनौर वाले घरों में ताला बंद रहता है। गुरुवार रात चोरों ने दोनों भाइयों के बिजनौर वाले अगल-बगल मौजूद मकानों के ताले तोड़कर पूरे मकान को इत्मिनान से खंगाला। इस दौरान घरों के अंदर रखी अलमारियां, संदूक, बेड और दीवान आदि में रखे सामान को तितर बितर कर दिया। लेकिन आराम से पूरा घर खंगालने के बावजूद उन्हें कुछ नहीं मिला। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने मकानों के दरवाजों के ताले व कुंड टूटे देख इसकी सूचना सुनील और अनिल को दी। सूचना के बाद पहुंचे दोनों भाइयों ने घर का नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। घर के सारे कमरों में कपड़े और अन्य सामान बिखरा पड़ा था। बाद में उन्होंने इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के साथ आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरों के सहारे चोरों का सुराग लगाने में जुट गयी है।

## वकील से बदसलूकी पर सड़क जाम, प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मवैया में दो पक्षों में शुक्रवार को हुई मारपीट के मामले में आलमबाग थाने में पैरवी करने पहुंचे अधिवक्ता कार्तिक प्रताप सिंह के साथ दो सिपाहियों ने अभद्रता की। आरोप है कि उन्हें थाने से धक्के देकर बाहर निकाल दिया।पुलिस की इस हरकत की जानकारी होते ही लखनऊ बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और तमाम अधिवक्ता थाने पहुंच गए। थाने के बाहर चौराहे पर धरना देना शुरू कर दिया। इस दौरान तीखी नारेबाजी की। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन से आलमबाग-चारबाग रोड पर भीषण जाम लग गया। वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इंस्पेक्टर ने आक्रोशित अधिवक्ताओं को समझाकर शांत कराने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। आरोप है कि इस दौरान इंस्पेक्टर ने आरोपित सिपाहियों को थाने से हटा कर बाहर निकाल दिया। इससे अधिवक्ताओं का आक्रोश और अधिक बढ़ गया। अधिवक्ता पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर आरोपित सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। हालात बिगड़ते देख अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी पंकज कुमार सिंह, एसीपी अभय प्रताप मल्ल पहुंचे। उन्होंने वकीलों को समझाने का प्रयास किया पर वह अपनी जिद पर अड़े रहे। लखनऊ बार एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि कार्तिक के मोहल्ले में दो पक्षों में विवाद हो गया था। एक पक्ष ने दूसरे को जमकर पीटा था। पुलिस आरोपित पक्ष के खिलाफ कार्रवाई कर रही थी। इस पर अधिवक्ता साथी कार्तिक थाने में बातचीतकरने के लिए पीड़ित पक्ष से पहुंचे थे। वहां सिपाहियों ने उनसे अभद्रता की और धक्के देकर परिसर से बाहर निकाल दिया। अजय यादव ने कहा कि आरोपित सिपाहियों के खिलाफ अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वह हड़ताल कर पूरे शहर में प्रदर्शन करेंगे। बवाल बढ़ता देख एडीसीपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर अधिवक्ताओं को शांत कराया। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## लखनऊ में इंस्पेक्टर और सिपाही का बीच सड़क हंगामा

### कार रोकने को लेकर विवाद, इंस्पेक्टर की पत्नी बोलीं- किस नियम से गाली दी

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, लखनऊ के बुद्धेश्वर में शुक्रवार को ट्रैफिक सिग्नल पर कार बढ़ाने को लेकर एक इंस्पेक्टर और सिपाही में कहासुनी हो गई। इसके कुछ देर बाद वर्दी पहनकर लौटे इंस्पेक्टर और पत्नी के साथ सिपाही का जमकर विवाद हुआ। इंस्पेक्टर और सिपाही का विवाद देख मौके पर भीड़ जुट गई। इंस्पेक्टर ने ट्रैफिक दीवान पर मारपीट का आरोप और अभद्रता का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद डीसीपी पश्चिमी ने पूरे मामले के जांच के निर्देश दिए हैं।

### कार के बोनट पर हाथ मारने से शुरू हुआ विवाद

पारा इंस्पेक्टर ने बताया कि मूलरुप से आजमगढ़ निवासी 2001 बैच के इंस्पेक्टर रमेश कुमार भारती डीजी हेड क्वाटर में शिकायत प्रकोष्ठ में तैनात हैं। सलेमपुर पतौरा में परिवार के साथ रहने वाले इंस्पेक्टर शुक्रवार सुबह कार से निकले थे। बुद्धेश्वर चौराहे पर सिग्नल के पास गाड़ी रुकते ही एक सिपाही ने बोनट पर हाथ मार दिया। विरोध पर दोनों में बहस शुरू हो गई। इंस्पेक्टर का आरोप है कि उन्होंने सिपाही को बताया भी कि पुलिस विभाग में हैं, उसके बाद भी उसने अभद्रता की। जब पत्नी के साथ पहुंचा तब भी अभद्रता की और मारपीट की।

### गलत तरीके से गाड़ी चला रहे थे

ट्रैफिक दीवान अजीत राम ने कहा- बुद्धेश्वर चौराहे पर ड्यूटी पर लगा था। गाड़ी ट्रैफिक सिंग्नल के आगे रुकने पर टोंका तो दरोगा ने विवाद शुरू कर दिया। लोगों के बीच-बचाव करने पर लौट गए और फिर पत्नी के साथ आकर विवाद शुरू कर दिया। जिसका कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पारा इंस्पेक्टर के मुताबिक घटना को लेकर दोनों पक्षों से बातचीत की गई है। वायरल वीडियो और विवाद के विषय में संबंधित अधिकारियों को सूचना दे दी गई। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बेटा न होने पर ससुरालीजनों ने बहु को जमकर पीटा, मुकदमा दर्ज

- बेटियां पैदा होने पर मारा करते है ससुराल वाले, महिला का आरोप

अगले जनम मोए बिटिया न कीजो पीड़िता का छलका दर्द

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव में महिला के बेटा न होने पर महिला के ससुरालीजनों ने महिला की पिटाई कर उंगलियां कूच कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ससुरालीजनों द्वारा महिला की बेरहमी से पिटाई करते देख ग्रामीणों ने पीआरवी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को बचाकर और उसको मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। पीड़िता महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर आगे कार्रवाई में जुट गई है।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अटौरा निवासी इंद्रजीत की पत्नी पीड़िता नीलम का आरोप है कि वह हरदोई जनपद के संडीला थाना क्षेत्र के मानस नगर का मायका है, उसका विवाह करीब 8 वर्ष पूर्व हुआ था उसके तीन संताने है। बेटियां पैदा होने पर मारा करते थे ससुराल वाले पीड़िता के मुताबिक ससुरालीजन तीन बेटी पैदा होने की वजह से आए दिन मारपीट करते रहते थे और बेटा पैदा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। पीड़िता ने बताया कि बेटा पैदा ना होने पर सास ताने मारती हैं। कहती हैं कि ऐसी बहू का क्या काम जो लड़कियां ही पैदा करे। बेटा ना होने के कारण पति मारपीट करता है।

शुक्रवार सुबह पति इंद्रजीत, ससुर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय कुमार, ननद आरती व मुस्कान ने उसे गन्दी गन्दी गाली देते लाठी डंडों से जमकर मारा और ईंट से उसकी उंगलियां भी कूच दी। उसके ससुराल वाले लडका न होने का बहाना लेकर प्रताडित करते रहते है और जान से मारने की धमकी दे रहते हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। अगले जनम मोए बिटिया न कीजो मलिहाबाद में बेटी पैदा होने के बाद पीड़िता का छलका दर्द। जिले की यह घटना बेटी बचाओ अभियान पर पानी की तरह पैसा बहा रही केंद्र व प्रदेश सरकार को आईना दिखाने वाली है।

## हनी सिंह ने कहा- जो दहेज लेते हैं मर्द नहीं

### लखनऊ में अंग्रेजी बीट...गाने से कॉन्सर्ट का आगाज, फैंस बोले– बादशाह के बाप हैं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, रैपर और सिंगर हनी सिंह का शुक्रवार को लखनऊ में धमाकेदार कॉन्सर्ट हुआ। उनकी शानदार परफॉर्मेंस ने फैंस का दिल जीत लिया। इस दौरान हनी सिंह ने अपने युवा फैंस से कहा- जो दहेज लेता है वह मर्द ही नहीं। 'मिलियनेयर इंडिया टूर' के तहत हनी सिंह ने 4 घंटे का लाइव शो किया। यह शो कूलब्रीज रिसॉर्ट, सुशांत गोल्फ सिटी में हुआ। हनी सिंह ने कॉन्सर्ट का आगाज 'अंग्रेजी बीट...' गाने से किया। फैंस में यो-यो हनी सिंह का जबरदस्त क्रेज देखने को मिला। पूरा रिसॉर्ट हाउसफुल था। बड़ी संख्या में फैन उनकी तस्वीर लेकर पहुंचे थे। हनी सिंह ने शो का आगाज करते हुए फैंस से पूछा- नवाबों के शहर लखनऊ वालों कैसे हो? एक फैंस से उन्होंने अपनी तस्वीर वाली फोटो भी मांगी। कॉन्सर्ट देखने के लिए लोग मणिपुर, मध्यप्रदेश और बिहार से भी आए थे। वाराणसी से आए उत्कर्ष ने कहा- कौन कहता है कि कमबैक नहीं होता है, हनी सिंह का कमबैक हो गया है, देख रहे हैं बाहर कितनी पुलिस लगी हुई है। हनी सिंह, बदशाह का बाप है। सतना से आए विक्रम जैन ने कहा- मैं पहली बार हनी सिंह का कोई कॉन्सर्ट अटेंड करने पहुंचा हूं। हनी सिंह जैसा कोई नहीं गा सकता है। यहां बहुत अच्छा माहौल है। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी जाने वाले सुलतानपुर हाइवे पर भीषण जाम लगा। पुलिस ने गाड़ियों को दूसरे रास्ते पर डायवर्ट किया।

# ट्रांसफॉर्मर के तेल से बना रहे मर्दाना ताकत की दवा

## लखनऊ में हाई वोल्टेज लाइन ट्रिप कर चोरी, पुलिस ने सरगना को गोली मारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में ट्रांसफॉर्मर का सामान चुराने वाले गैंग को पुलिस ने एनकाउंटर के बाद पकड़ा। पूछताछ में सरगना ने बताया कि वह ट्रांसफॉर्मर का तेल नीम-हकीम को बेचते थे। उससे मर्दाना ताकत बढ़ाने और जोड़ों की दवा बनाई जाती है। सरगना रंजीत ने बताया- तेल की ज्यादा मांग ग्रामीण इलाकों में रहती है। लोग घुटनों और हड्डियों के दर्द में मालिश करने के लिए इसे खरीदते हैं। इसके लिए नीम-हकीम को अच्छी-खासी रकम भी देते हैं। तेल के साथ कॉपर क्वॉयल को हम निजी व्यापरियों को बेच देते हैं।

### पहले एक नजर में घटना...

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत ने बताया कि बुधवार रात चोरी की सूचना पर पुलिस पेट्रोलिंग कर रही थी। मलीहाबाद के सहिलामऊ गांव में गश्त के दौरान गिरोह को पुलिस ने घेर लिया। गिरोह के लोगों की कार गड्ढे में फंस गई, जिसमें से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक आरोपी ने भागते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी, जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। घायल आरोपी को गंभीर हालत में हॉस्पिटल भेजा गया है। रंजीत काकोरी के खालिसपुर का रहने वाला है। उसके साथी शिव यादव उर्फ सोनू और मनोज उर्फ छोटू भी काकोरी के रहने वाले हैं। विपिन कुमार गौतम मलिहाबाद का रहने वाला है। इनके पास से कार में कॉपर का भारी मात्रा में सामान और असलहा भी मिला है। ये सभी मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।



### गुरु ने दी ट्रांसफॉर्मर चोरी की ट्रेनिंग

रंजीत ने बताया, एक बुजुर्ग ने चोरी की ट्रेनिंग दी। वह भी पहले ट्रांसफॉर्मर चोरी का ही काम करते थे। बाद में उन्होंने मुझे अपना चेला बना लिया और मुझे पूरा काम सौंप दिया। अब वह मेरे चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त का काम देखते हैं। गुरु ने ही हाई वोल्टेज लाइन को ट्रिप करने की ट्रेनिंग दी थी। फिर कॉपर और तेल चोरी करने का तरीका सिखाया।

### रस्सा डालकर लाइन ट्रिप करता था

रंजीत ने बताया कि लाइन ट्रिप के लिए वह सबसे पहले हाई वोल्टेज लाइन पर रस्सा डालकर तीनों तार एक में जोड़ देता था। तेज धमाके के साथ लाइन ट्रिप हो जाती थी। इसके बाद ट्रांसफॉर्मर का तार काटकर बांस से गिरा देता। 10 मिनट में ट्रांसफॉर्मर खोलकर तेल और कॉपर चोरी कर भाग जाता था। गिरोह के तार आसपास के जिलों से जुड़े हैं। 6 लोगों के गिरोह को लीड करने वाला रंजीत 11 हजार वोल्ट की लाइन पर रस्सा डालकर लाइन को ट्रिप करने में माहिर है। पुलिस रंजीत के गुरु की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### उन्नाव के कबाड़ी की तलाश

पुलिस सूत्रों के मुताबिक रंजीत चोरी का कॉपर लखनऊ और उन्नाव में बेचता था। इसका इस्तेमाल वो बर्तन बनाने और वायर बनाने में करते हैं। रंजीत के खुलासे के बाद पुलिस अब व्यापारियों और कबाड़ी की धरपकड़ में जुटी हुई है। वहीं, ट्रेनिंग देने वाला गुरु अंडरग्राउंड हो गया है। जिनकी तलाश में 3 टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

### गैंग के सरगना और साथियों पर 5 थानों में मुकदमा

रंजीत के खिलाफ गोमतीनगर, काकोरी, दुबग्गा, माल, मलिहाबाद में चोरी के मामले दर्ज हैं। इसके सबसे पुराने साथी और पड़ोसी शिवा उर्फ तन्नू के खिलाफ रहीमाबाद, दुबग्गा, काकोरी और माल में मामले दर्ज हैं। मनोज यादव के खिलाफ आशियाना, मलिहाबाद और वजीरगंज में मुकदमे दर्ज हैं। मलिहाबाद बेलगढ़ा निवासी विपिन के खिलाफ आशियाना, हजरतगंज, वजीरगंज और महिलाबाद में चोरी के मामले दर्ज हैं। इनके आपराधिक इतिहास के लिए आसपास के जिलों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, इन लोगों ने लखनऊ के साथ सीमा से जुड़े गांवों में लगे ट्रांसफॉर्मर से तेल और कॉपर चोरी किया है।

## कानपुर रोड पर लगा डेढ़ किमी. लंबा जाम, साढ़े तीन घंटे फंसे रहे वाहन

अमल लेखनी समाचार

बंथरा। एलीवेटेड रोड के निर्माण के कारण लखनऊ-कानपुर हाईवे शुक्रवार को भी साढ़े तीन घंटे जाम रहा। कानपुर हाईवे पर बंथरा स्थित हनुमान मंदिर एलीवेटेड हिस्से के निर्माण के कारण सुबह 10 बजे ही लखनऊ से कानपुर जाने वाली लेन जाम हो गई।जहां-तहां गाड़ियां खड़ी हो गईं। कानपुर हाईवे पर शुक्रवार को बंथरा के पास सुबह 10 बजे से लखनऊ से कानपुर जाने वाली सड़क पर भीषण जाम लगा रहा। सुबह का समय होने के नाते काफी संख्या में दैनिक वाहन चालकों की दूर तक लंबी कतारें लग गईं। बंथरा हनुमान मंदिर के पास चल रहे एलीवेटेड रोड पर निर्माण कार्य के बीच कानपुर रोड पर सरोज पाइप उद्योग से बंथरा हनुमान मंदिर तक करीब डेढ़ किलो मीटर लंबा जाम लगाने के बाद दोपहर करीब डेढ़ बजे लोगों को राहत मिली। इस दौरान ट्रैफिक जाम में फंसे वाहनों के लिए रास्ता खाली कराने मौके पर कोई नहीं रहा। डीसीपी ट्रैफिक बताते हैं कि हनुमान मंदिर के पास स्थित टीवीएस बाइक एजेंसी के पास एलीवेटेड रोड पर निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान कार्यदायी संस्था पीएनसी की लापरवाही से ट्रैफिक जाम हुआ। सूचना पर ट्रैफिक कर्मियों को भेजकर रास्ता खाली कराया गया।

# गोमतीनगर से चलेगी नई पुष्पक एक्सप्रेस

## भोपाल के लिए वंदे भारत चलाने की तैयारी अंतिम चरण में; जल्द तैयार होगा स्टेशन

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, पुष्पक एक्सप्रेस में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए डुप्लीकेट पुष्पक एक्सप्रेस चलाने की तैयारी तेज कर दी गई है। इसे तीन महीने बाद गोमतीनगर स्टेशन से चलाया जाएगा। लखनऊ से भोपाल के लिए वंदे भारत तथा पुरी, मुंबई व माता वैष्णो देवी के लिए नई ट्रेनें भी जल्द शुरू की जाएंगी। इनके प्रस्ताव भेज दिए गए हैं। वंदे भारत चलाने की तैयारी अंतिम चरण में है। मंजूरी मिलते ही इसे चला दिया जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के नवनियुक्त डीआरएम गौरव अग्रवाल ने बृहस्पितवार को हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय में यह जानकारी दी है।

### दो महीने में बनकर तैयार हो जाएगा गोमतीनगर स्टेशन

डीआरएम ने कहा कि गोमतीनगर स्टेशन का दूसरा चरण दो महीने में तैयार हो जाएगा। यहां ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जा रही है। पुष्पक की डुप्लीकेट ट्रेन चलाने के लिए 13 साल पहले प्लान बना था। इसे लखनऊ जंक्शन से पुष्पक एक्सप्रेस के रवाना होने के बाद चलाने की तैयारी थी, लेकिन अब इसे गोमतीनगर स्टेशन से चलाने की योजना है। प्रस्ताव भेजा जा चुका है, बस अनुमति का इंतजार है।

### हाईस्पीड ट्रेन के लिए तीसरी चौथी लाइन बनाने पर जोर

लखनऊ से पटना के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की जा चुकी है। अब भोपाल के लिए भी वंदे भारत चलाई जाएगी। लखनऊ से पुरी के लिए नई ट्रेन चलेगी। अभी नीलांचल एक्सप्रेस ही है। माता वैष्णो देवी व मुंबई के लिए भी एक-एक ट्रेन चलाई जाएगी, जिसमें तीन से चार महीने लग सकते हैं। गौरव अग्रवाल ने बताया कि हाईस्पीड ट्रेनों के लिए तीसरी व चौथी लाइनें बनाने पर जोर है। सात अमृत भारत स्टेशन अगले महीने बन जाएंगे। रेलकर्मियों के आवास, पेयजल, सफाई, आवारा पशुओं से निजात आदि पर फोकस किया जा रहा है।

## थाने में सीज खड़ा मौरंग लदा ट्रक चोरी, मुकदमा दर्ज

### ट्रक मालिक और उसके चालक पर ट्रक चोरी कर ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाने में सीज खड़ा मौरंग लदा एक ट्रक संदिग्ध हालत में चोरी हो गया। हालांकि इस मामले में थाने के मालखाना इंचार्ज विनोद कुमार ने ट्रक मालिक और उसके चालक पर ट्रक चोरी कर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बीती 23 फरवरी को खनन अधिकारी ने मौरंग लदे ट्रक (यूपी 32 एमएन 8959) को सीज कर सरोजनीनगर थाने में दाखिल कराया था। थाने के हे. मो. मालखाना विनोद कुमार का कहना है कि उस दौरान ट्रक चालक थाने आया और बोला कि हम अपना ट्रक कोर्ट से छुड़ा लेंगे। लेकिन ट्रक सुरक्षा के लिए ट्रक पर ही रहेंगे। हे. मो. मालखाना विनोद कुमार के मुताबिक थाना परिसर में जगह ना होने के कारण ट्रक को थाने की बाउंड्री के किनारे रोड पर खड़ा कर दिया गया था। गुरुवार को देखा तो ट्रक वहां पर नहीं खड़ा मिला। इसके बाद विनोद कुमार ने ट्रक मालिक और उसके चालक पर थाने से ट्रक चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि ट्रक चालक उसी में रहकर अपने वाहन की रखवाली कर रहा था और वही चोरी छुपे ट्रक को यहां से लेकर चला गया है। उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही ट्रक को बरामद कर लिया जाएगा।

## संक्षेप

### ट्रक से टकराई बाइक, दो युवकों की मौत, शराब की दुकान में काम करते थे दोनों

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। बैराज मार्ग पर शुक्रवार रात करीब पौने दो बजे एक बाइक धान से लदे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। बता दे कि मृतकों की पहचान 23 वर्षीय सुमित गौतम और 24 वर्षीय आशीष वर्मा के रूप में हुई है। सुमित उन्नाव के बनी कंजौरा का रहने वाला था। आशीष बाराबंकी जिले के दरियाबाद थाना क्षेत्र के जेठौती कुर्मियां का निवासी था। दोनों कानपुर के चुन्नीगंज में स्थित एक शराब की दुकान में काम करते थे। हादसा ट्रांस गंगा सिटी के गेट नंबर दो के पास हुआ। बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सुमित के पिता सोहनलाल गौतम और आशीष के पिता जमुना प्रसाद का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हेलमेट पहनना और नियंत्रित गति से वाहन चलाना जरूरी है।

### कानपुर-लखनऊ हाईवे पर ट्रक-डंपर की टक्कर से दो की मौत, दो घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। थाना सोहरामऊ क्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। ग्राम कुशहरी के पास तेज रफ्तार ट्रक और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सोहरामऊ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। घायलों को सीएचसी नवाबगंज ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल दो व्यक्तियों को उन्नाव जिला अस्पताल रेफर किया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के चालक और क्लीनर केबिन में फंस गए। बता दे कि स्थानीय लोगों और पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला। मृतकों में एक की पहचान राम कुमार के रूप में हुई। वह हमीरपुर के गुलिया गेंडा के रहने वाले थे। उनके चार बच्चे हैं तीन बेटियां और एक बेटा। प्रारंभिक जांच में पता चला कि दोनों वाहन विपरीत दिशा से आ रहे थे। अचानक संतुलन बिगड़ने से टक्कर हो गई। पुलिस ओवरस्पीडिंग या अन्य कारणों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी शरद कुमार के अनुसार हादसे की जांच जारी है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे कर दिया गया है। यातायात सामान्य कर दिया गया है। पुलिस मृतकों के परिजनों से संपर्क कर रही है और घायलों के बयान दर्ज कर रही है।

# जिला पोषण समिति की बैठक का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जिला कार्यक्रम अधिकारी, राकेश कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि पन्नालाल हॉल सभागार, कलेक्ट्रेट में जिला पोषण समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। उक्त बैठक में विभाग द्वारा निर्धारित एजेण्डा जैसे नैफेड द्वारा आपूर्ति पोषाहार, एन0आर0एल0एम0 द्वारा उत्पादित पोषाहार, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सैम बच्चे के पोषण स्तर में सुधार,, पोषण ट्रैकर, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन, एनीमिया मुक्त भारत (10-19 वर्ष की स्कूल न जाने वाली/स्कूल में नामांकित न होने वाली किशोरियों के सम्बन्ध में), हॉटकुक्ड मील योजना हॉटकुक्ड मील योजना एवं स्वच्छता पखवाड़ा के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी।

आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की समीक्षा में पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के निमार्णाधीन 18 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 15 आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्ण कर दिया गया है, शेष 03 आंगनबाड़ी केन्द्र फिनिशिंग स्तर पर है। उक्त के सम्बन्ध में महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता, आर0ई0डी0 को कठोर चेतावनी दी गयी समस्त 18 केन्द्रों मे जो कमियां है उनको प्रत्येक दशा में तत्काल पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023-24 के स्वीकृत 87 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बताया कि 87 आंगनबाड़ी केन्दों भवनों पर कार्य हो रहा है, जिस पर महोदय द्वारा 15 मार्च 2025 तक कार्य पूर्ण कराएं जाने हेतु सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये तथा संबंधित सी0डी0पी0ओ0 को निर्देशित किया कि वह स्वयं सत्यापन कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं कार्य पूर्णता की रिपोर्ट दिनांक 15 मार्च, 2025 तक प्रस्तुत करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी, राकेश कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद उन्नाव में एनीमिया मुक्त भारत के तहत 10-19 वर्ष की किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच हेतु विशेष अभियान चलाया गया। जनपद उन्नाव में कुल लक्षित 12361 किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच ग्राम/शहरी स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के सत्रों पर की गई। जिसमें एनीमिक पाई गयी किशोरियों को आर.बी.एस.के. टीम द्वारा लगातार 04 फॉलोअप मे कवर किया गया है। उन्हें अनुमन्य दवाएं, टीकाकरण आदि के द्वारा एनीमिया मुक्त किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये गये।

माह जनवरी, 2025 में 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्री, 0 आर0 बी0एस0के0 एवं 05 ओ0पी0डी0 के द्वारा कुल 15 सैम बच्चें एन.आर.सी. में भर्ती कराया गया है। जिस पर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि त्त्वचमत बवनदेमसपदह करातें हुए बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराएं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, राकेश कुमार मिश्र द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMV) की जानकारी समिति को दी गयी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, राकेश कुमार मिश्र द्वारा 01 मार्च, 2025 से 15 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाये जाने की जानकारी दी गयी। पोषण ट्रैकर की फीडिंग में जनपद उन्नाव में मीजरिंग इफिसिएन्सी, मोबाइल वेरीफिकेशन तथा होम विजिट में संतोषजनक कार्य किया गया है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उन्नाव, सहित समिति के अन्य सदस्य, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# कृषि विभाग द्वारा अध्यापकों को दिया गया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। उत्तर प्रदेश अन्न (मिलेट्स) पुनरोद्धार कार्यक्रम (राज्य सेक्टर) योजना अंतर्गत अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विभाग द्वारा बी आर सी स्थित सभागार में किया गया जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र धौरा से आए वैज्ञानिक रमेश चंद्र मौर्या द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित अध्यापकों को मिलेट्स के लाभ तथा उपयोग के बारे में विस्तृत से जानकारी दी तथा अध्यापकों से अनुरोध किया कि वह इस जानकारी को छात्रों के साथ में साझा करें जिससे कि छात्रों के स्वास्थ्य में सुधार हो सके , मौर्या ने कहा कि सभी लोगों को प्रतिदिन अपने आहार में मिलेट्स का उपयोग करना चाहिए जिससे कि समाज में होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचा जा सके।प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार अरुणांचल सिंह नें आए हुए अध्यापकों से कहा कि वो बच्चों के अभिभावकों को अन्न के लाभों के बारे में जागरूक करें जिससे कि बच्चों का स्वास्थ्य सही रहे तथा यह भी बताया कि विभाग द्वारा निःशुल्क मिलेट्स के मिनीकिट उपलब्ध कराए जाते हैं। प्रशिक्षण में ए डी ओ एजी शिवकुमार सिंह तथा शिक्षा विभाग से सी एम पाण्डेय, आदर्श मिश्रा, उत्कर्ष सिंह, आराधना सिंह, प्रवीण कुमार ,अनन्त नारायण , रणंजय सिंह , प्रदीप कुमार सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।



# युवती ने किया आत्महत्या युवक पर दर्ज हुआ उकसाने का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। युवती ने फांसी लगाकर आत्म हत्या करने पर मृतक की बहन ने पड़ोसी युवक पर ब्लैक मेल करने व अश्लील फोटो वायरल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराय बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बक्सर निवासिनी युवती ने थाने में लिखित तहरीर देकर कहा कि मेरी बड़ी बहन ने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली थी। अंकित सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह के उकसाने पर ये कदम उठाया था अंकित सिंह ने मेरी बहन की अश्लील फोटो बना रखा था और ब्लैकमेल कर रहा था तथा मेरी बहन को डरा धमकाकर पैसे की भी कई बार मांग की थी। यह सारी बाते मेरी बहन अंकिता मुझसे बताती थी तब मैं अपनी बहन को समझाती थी डर व घर की इज्जत के कारण और किसी को यह बात नही बतायी थी। जब अंकित को मेरी बहन पैसा नही देती थी तो धमकी देता था और उसको डरा धमकाकर रखता था इसी बजह से मेरी बहन ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की है। जिसके दोषी अंकित सिंह है तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी




# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की औरास कार्यकारिणी का विस्तार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। औरास विकास खंड के राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्यों ने मिलकर एक स्थानीय गेस्ट हाउस में अपनी महिला कार्यकारिणी का विस्तार किया इस अवसर पर आयोजित एक संगोष्ठी कार्यक्रम में जनपद के अध्यक्ष भारत चित्रांशी तथा जिला मीडिया प्रभारी योगेंद्र शुक्ला भी उपस्थित रहे भारत चित्रांशी ने कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश का एकमात्र संगठन है जिसमें पद को लेकर कोई विवाद नहीं है क्योंकि यह संगठन संघ की विचारधारा और शिक्षक के हितों को एक साथ लेकर चलता है राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अखिल भारतीय स्तर पर महाविद्यालय माध्यमिक विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों का एकमात्र समूह है इस अवसर पर और आज के शिक्षकों ने विभिन्न शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की जिला मीडिया प्रभारी योगेंद्र शुक्ला ने कहा की वर्तमान में शिक्षकों को प्रताड़ित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं शिक्षक विद्यालय में रहकर शिक्षण कार्य करना चाहता है किंतु शासन और प्रशासन की विभिन्न योजनाएं उसको विद्यालय में न रहकर अन्य क्षेत्र यथा गांव खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय डायट आदि में जाने को बाधित करती है इस अवसर पर औरास ब्लॉक के शिक्षकों ने रजनी खन्ना को महिला अध्यक्ष तथा रजनी उपाध्याय को महिला उपाध्यक्ष के तौर पर मनोनीत किया संगठन में नवीन जिम्मेदारी देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष कर्मेंद्र चंद्र पटेल ने दोनों ही शिक्षिका साथियों का पुष्प भेंट कर सम्मान किया और उनसे अपेक्षा की कि वह भी शिक्षकों के हितों के लिए आगे बढ़कर संघर्ष करेंगे। संगोष्ठी में मुख्य रूप से राजबहादुर देवेंद्र योगेंद्र प्रीति आकांक्षा योगेश खुशबू राज श्वेता रिंग पटेल स्वाति प्रतीक जितेंद्र राजकरण आदि सहित शिक्षक शिक्षामित्र व अनुदेशक उपस्थित रहे।

# ट्रक चालक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत, दो दिन बाद पहुंचे परिजनों ने की शिनाख्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कानपुर-लखनऊ हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। हादसा 26 फरवरी की रात करीब 9 बजे ललऊ खेड़ा के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने हुआ। बता दे कि मृतक की पहचान हाथरस के मुबारकपुर निवासी 30 वर्षीय संजय कुमार के रूप में हुई। संजय अपनी गाड़ी हाईवे किनारे खड़ी करके सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर में संजय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को अज्ञात मानकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया। दो दिन बाद शुक्रवार को परिजनों ने उन्नाव पहुंचकर शव की पहचान की। मृतक के पीछे पत्नी और तीन बच्चे हैं। उनकी



14 वर्षीय बेटी शिवानी और दो बेटे अश्वनी और सुमित अभी छोटे हैं। संजय अपने परिवार का भरण-पोषण ट्रक चलाकर करते थे।

# आजाद बलिदान दिवस समारोह का किया आयोजन

अमन लेखनी समाचार




नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड के रसूलपुर गांव स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज में आजाद बलिदान दिवस समारोह मनाया गया कार्यक्रम की शुरूआत आजाद बलिदान दिवस मंच पर क्रांतिकारी आजाद और विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष रहे रघुराज सिंह सेंगर की प्रतिमा का अनावरण शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नन्हा सिंह की पत्नी फूल कुमारी शमशेर सिंह राजबक्स सिंह, जय सिंह चौहान जननायक सिंह, केदार सिंह एडवोकेट, शिवकुमार सिंह सुरेश फक्कड के साथ समिति पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आजाद जी और रघुराज सिंह सेंगर की प्रतिमा पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों मोहान विधायक बृजेश रावत आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव शरीफ खान अर्पित मिश्रा रामबाबू अवस्थी, नरेंद्र सिंह चौहान, गंगा प्रसाद सिंह, डॉक्टर रणेन्द्र सिंह, प्रबंधक राजेश सिंह एडवोकेट, उप प्रबंधक भगवती सिंह, कार्यक्रम व्यवस्थापक अवधेश कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अशोक सिंह अजय सिंह, प्राचार्या राजदुलारी ,ओम प्रकाश सिंह, शिव प्रकाश सिंह , सहित तमाम गणमान्य व्यक्तियों द्वारा माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के अंत में सुरेश फक्कड़ के संयोजकत्व में सभाजीत प्रखर जौनपुर, डॉक्टर अंजना कानपुर, प्रमोद द्विवेदी लखनऊ, विनय विनम्र दिल्ली, अरविंद झा लखनऊ, अर्जुन सिंह 'चांद' झांसी, मधुप श्रीवास्तव नर कंकाल रायबरेली, गीता गंगवार बरेली, सतीश पाखंडी लखनऊ ,बलराम सिंह निर्बल उन्नाव ने कवि सम्मेलन में कविता पाठ कर उपस्थित श्रोताओं को देर रात तक काव्य रस की गंगा में डुबकी लगाने के लिए बाध्य कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन डॉ अरविंद झा द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन का समापन उपस्थित कवियों और श्रोताओं को कार्यक्रम आयोजक अवधेश सिंह सेंगर द्वारा आभार देने और वंदे मातरम गीत के साथ संपन्न हुआ।

# प्रांजल के खेल से डीसीएबी सेमीफाइनल में पहुंचा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर 19 रजनींद्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत आज डी सी ए बी तथा डी सी ए ई के मध्य मैच खेला गया। जिसमे डी सी ए के कप्तान देवाशीष ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 35 ओवर के मैच में 7 विकेट के नुकसान पर 170 रन का स्कोर खड़ा किया इसमें की गाजी ने 54 गेंद में 47 रन बनाए जिसमें 6 चौके और एक छक्का शामिल है इसके अलावा अंश यादव और वैभव मिश्रा ने क्रमशः 24,24 रनों का योगदान किया डीसीए ई की ओर से संदीप यादव, अविनाश कुमार, रंजीत चक्रवर्ती, ने अपनी टीम के लिए दो-दो विकेट प्राप्त किया जवाब में बैटिंग करने उतरी डीसीए बी की टीम ने आसानी से 171 लक्ष्य की प्राप्ति कर ली और 6 विकेट से मैच जीत लिया जिसमें की प्रांजल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 53 रन 47 गेंद पर बनाएं जिसमें 7 शानदार चौके भी शामिल है इसके अलावा रोहित और फैजान ने क्रमशः 29 और 20 रनों का योगदान किया डीसीए ई की ओर से सौरव यादव ने दो विकेट प्राप्त किया इसके अलावा देवाशीष ने भी एक विकेट लिया मैच के उपरांत आज के मुख्य अतिथि प्रबंधक मन्नालाल इंद्राणी कुंवर इंटर कॉलेज जैतीपुर, पूर्व सभासद, समाजसेवी एडवोकेट धर्मवीर सिंह सोनू ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार डीसीए बी के प्रांजल तिवारी को दिया। मुख्य अतिथि को जिला क्रीड़ा सचिव नवीन सिन्हा ने शाल उड़ा कर सम्मानित किया राकेश अस्थाना और विकास अवस्थी ने प्रतीक चिन्ह भेंट किया इस अवसर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव पीके मिश्रा, शंकर श्रीवास्तव, ओम मिश्रा, शाकिर, विकास सिन्हा, मौजूद रहे। कल इस प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच डीसीए ए और डीसीए बी के मध्य खेला जाएगा

# सात वर्षीय मासूम को जहरीले कीड़े ने काटा,हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव निवासी पवन कुमार 7 वर्ष पुत्र अनुज कुमार घर के बरामदे में जमीन पर लेटा हुआ था। उसी दौरान जहरीले कीड़े ने काट लिया। स्वजन की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया.दअरसल आज शुक्रवार शाम पांच बजे मासूम किशोर अपने घर के आंगन में लेटा हुआ था.इसी दौरान किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया.हालत बिगड़ने पर परिजन एंबुलेश से सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## अंतरराज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह का खुलासा, 2 महिलाओं समेत 6 आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रायबरेली, पुलिस ने अंतरराज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से सोने की चेन, नकदी और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो कार बरामद की गई है। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र का है। 25 फरवरी को प्रार्थिनी बानो बाजार से घर लौट रही थीं।

# पति के दोस्त ने किया महिला से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

## परिवार को छोड़ कर साथ रहने का दबाव बना रहा

अमन लेखनी समाचार




जलालाबाद, दियुरा गांव की एक महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पति के साथी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के पति एक ठेकेदार के साथ जलालाबाद में काम करते हैं। वह सीतापुर जिले के रहने वाले हैं। करीब एक साल पहले आरोपी बिक्रांत सिंह, जो महोली थाना क्षेत्र के टिकरापुर गांव का रहने वाला है, पीड़िता के घर आया। उसने महिला से कहा कि उसके पति पर चोरी का आरोप लगा है और उन्हें बुलाया गया है। महिला उसके साथ चली गई। रास्ते में एकांत जगह पर आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार बलात्कार करता रहा। पीड़िता लोक-लाज के डर से विरोध नहीं कर सकी। अब आरोपी महिला को धमकी दे रहा है कि वह अपने पति और बच्चों को छोड़कर उसके साथ रहे, नहीं तो वह वीडियो वायरल कर देगा। साथ ही उसके पति और बच्चों को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

# परिवार में विवाद के बाद अधेड़ ने किया सुसाइड

### बेटा बोला– गांव के युवकों ने वीडियो बनाया, पिता ने शर्म के कारण दे दी जान

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, पुवायां थाना क्षेत्र में उबरिया कल्याणपुर गांव के 45 वर्षीय राम नीटू शुक्ला ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना के पीछे का कारण परिवार में हुआ विवाद बताया जा रहा है। मृतक के बेटे शशांक के अनुसार, उनके पिता शराब के नशे में छोटे भाई से झगड़ पड़े। इस दौरान पड़ोस के दो युवकों ने विवाद का वीडियो बना लिया। मना करने के बावजूद उन्होंने न केवल वीडियो बनाना जारी रखा, बल्कि उसे वायरल करने की धमकी भी दी। शशांक ने बताया कि पिता और पड़ोसियों के बीच खेत को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। वीडियो वायरल होने की शर्म से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। करीब एक साल पहले हुए एक्सीडेंट के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान भी चल रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ पुवायां ने कहा कि तहरीर मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# शादीशुदा व्यक्ति ने कुंवारा बताकर की दूसरी शादी

## महिला को धोखे में रखा, अब जान से मारने की धमकी; एसपी के आदेश पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर, एक महिला ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि एक व्यक्ति ने खुद को अविवाहित बताकर उससे शादी कर ली। थाना चौक कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला की मुलाकात दो साल पहले एक युवक से हुई थी। युवक ने खुद को कुंवारा बताया और मंदिर में महिला की मांग में सिंदूर भरकर शादी कर ली। इसके बाद दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे। कुछ समय बाद महिला को पता चला कि उसका पति पहले से शादीशुदा है और उसकी एक बेटी भी है। आरोपी की गुंडा प्रवृत्ति भी सामने आई और वह कई बार जेल जा चुका है। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी उसे प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता ने पहले भी शिकायत की थी, लेकिन आरोपी ने दबाव बनाकर मामला रफा-दफा करा दिया। 18 दिसंबर को महिला आरोपी के चंगुल से भागने में कामयाब रही। तब से वह छिपकर रह रही है। आरोपी उसे ढूंढ रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाने में शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंत में एसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है।



## सम्पादकीय

# जर्मनी में दक्षिणपंथ की वापसी के वैश्विक संदेश

जर्मनी में सत्ता परिवर्तन यूरोप में दक्षिणपंथ और कंजरवेटिव के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख चांसलर ओलाफ़ शोल्ज़ की करारी हार हुई है। 630 सदस्यीय जर्मन संसद (बुंडेश्टाग) में शोल्ज़ की पार्टी एसडीपी 121 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) में सबसे बड़े व शक्तिशाली देश जर्मनी में चांसलर शोल्ज़ के गठबंधन के नवंबर में टूट जाने के चलते करीब सात महीने पहले ही आम चुनाव कराए गए, जिसमें फ्रेडरिक मर्ज की पार्टी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के कंजरवेटिव गठबंधन को सबसे अधिक सीटें मिली हैं। हालांकि गठबंधन को बहुमत नहीं मिला है। एग्जिट पोल में भी कंजरवेटिव गठबंधन सीडीयू व सीएसयू की जीत का अनुमान लगाया गया था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी में किसी धुर दक्षिणपंथी गठबंधन की इतनी बड़ी जीत हुई है। हालांकि पूर्व में सीडीयू पार्टी की ही एंजेला मर्केल चांसलर रही हैं। जर्मनी में यह परिवर्तन चौंकाता है। यूरोप में उदार व सोशलिस्ट दलों का दबदबा हाल के वर्षों में मजबूत हुआ है, लेकिन स्थानीय स्तर पर आर्थिक व सामाजिक मुद्दे ने कंजरवेटिव ख्यालों वाले दलों के लिए जमीन उर्वरा बना दी है। अर्थव्यवस्था की सुस्त गति, नए रोजगार सृजन की सुस्ती, अप्रवासियों की बढ़ती मौजूदगी, सांस्कृतिक व सामाजिक डेमोग्राफी में बदलाव आदि ऐसी स्थितियां हैं, जिनके चलते कंजरवेटिव दलों को सफलता मिल रही हैं। अमेरिका में भी अमेरिकी राष्ट्रवाद व संरक्षणवाद का नारा लगाने वाले डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में रिपब्लिकन को विजय मिली है। ट्रंप ने जर्मनी में सत्ता परिवर्तन पर खुशी जताई है और इसे जर्मन राष्ट्रवाद के उदय के रूप में उद्धृत किया है। कंजरवेटिव सीडीयू/सीएसयू गठबंधन की जीत के बाद अब फ्रेडरिक मर्ज़ जर्मनी के नए चांसलर बन सकते हैं। 69 वर्षीय मर्ज़ के पास सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने देश का बेहतर नेतृत्व करने का लोगों से वादा किया है। खास बात है कि दूसरी धुर दक्षिणपंथी पार्टी एएफडी 20 प्रतिशत मत पाकर दूसरे स्थान पर है। यानी पहले व दूसरे स्थान पर दक्षिणपंथी दल हैं। जर्मनी में दक्षिणपंथी गठबंधन के सत्ता में आने के बाद यूरोपीय यूनियन के कामकाज पर भी इसका असर पड़ेगा। ईयू में जर्मनी प्रमुख सदस्य देश है। ओलाफ़ शोल्ज़ की सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है। पार्टी को केवल 16.5 प्रतिशत वोट मिले हैं। ग्रीन्स पार्टी को 12 प्रतिशत मत मिले हैं। जर्मनी में यह चुनाव ऐसे समय में हुए हैं जब यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वर्षों से चले आ रहे ठहराव, अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाने का दबाव तथा यूक्रेन के भविष्य, यूरोप के अमेरिका के साथ गठबंधन को लेकर बढ़ती अनिश्चितता जैसी चिंताएं सामने आ रही हैं। जर्मनी में भी अवैध प्रवासी इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा। जर्मनी के अंदर कई हमले हुए हैं जिसे अवैध प्रवासियों ने अंजाम दिया है। यूक्रेन युद्ध पर अमेरिका के व्यवहार ने यूरोप को सकते में डाल दिया है। यूक्रेन युद्ध में संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने रूस का पक्ष लिया है, जबकि यूरोप यूक्रेन के साथ है। जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश और नाटो का प्रमुख सदस्य है। अमेरिका के बाद यह यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है। जर्मनी के इस चुनाव में एलन मस्क व रूस का दखल भी दिलचस्प है। भारत के साथ जर्मनी के रिश्ते बेहतर बने रहेंगे।

## पर्व विशेष

सोनम लववंशी



# शिवत्व का आह्वान, अनंत से एकत्व की यात्रा

भारतीय संस्कृति में महाशिवरात्रि का विशेष महत्व है। यह एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और भक्ति की पराकाष्ठा का प्रतीक है। यह पर्व भगवान शिव के विवाह की पावन स्मृति से जुड़ा हुआ है, वहीं दूसरी ओर यह उस अनादि क्षण का भी द्योतक है जब शिव ने अपने तांडव से सृष्टि के नाश और पुनरुत्थान का संदेश दिया था। यह रात्रि, जिसमें जागरण, व्रत, अभिषेक और ध्यान के माध्यम से शिवत्व की अनुभूति की जाती है, आत्मा की यात्रा को परमात्मा की ओर ले जाने वाला मार्ग प्रशस्त करती है। शिव ही आदि और अनंत हैं, जिन्हें संहारक और सृजनहार दोनों रूपों में पूजा जाता है। यह भारतीय दर्शन में मात्र एक देवता नहीं, ब्रह्मांड की मूलभूत ऊर्जा के प्रतीक हैं। वे ध्यान के अधिष्ठाता, योग के प्रवर्तक और लोक कल्याण के प्रतीक हैं। शिव उपासना किसी संकीर्ण धार्मिक दायरे में सीमित नहीं है। यह समस्त मानवता को शांति, संतुलन और सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने का माध्यम है। महाशिवरात्रि, इस गूढ़ तत्वज्ञान को आत्मसात करने का श्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है। ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो महाशिवरात्रि की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है। शिव पुराण, स्कंद पुराण तथा अन्य धर्मग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। यह रात्रि शिवलिंग के प्राकट्य की भी मानी जाती है, जो इस विचार को पुष्ट करती है कि शिवलिंग सृजन और संहार के बीच संतुलन का प्रतीक है। अनेक पौराणिक कथाओं के अनुसार, इसी दिन शिव ने समुद्र मंथन से उत्पन्न हलाहल विष को अपने कंठ में धारण कर विश्व की रक्षा की थी, जिससे वे नीलकंठ कहलाए। यह घटना यह दर्शाती है कि शिव केवल सृजन और विनाश के कारक ही नहीं, बल्कि त्याग और करुणा की मूर्ति भी हैं। आज के युग में जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, जब आत्मकेंद्रितता, भौतिकता और मानसिक अशांति ने लोगों को घेर लिया है, महाशिवरात्रि का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। शिव का जीवन और दर्शन हमें सिखाता है कि त्याग, संयम और ध्यान के माध्यम से हम आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। उनका 'भोलेनाथ' स्वरूप हमें सरलता और सहजता अपनाने की प्रेरणा देता है, जबकि उनका 'रुद्र' रूप हमें अन्याय और अधर्म के विरुद्ध संघर्ष करने का संबल प्रदान करता है। महाशिवरात्रि के पर्व पर रात्रि जागरण और ध्यान की परंपरा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, यह योग और आत्मसाक्षात्कार का अवसर भी है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह सिद्ध हो चुका है कि इस रात्रि में जागरण और ध्यान से चेतना का स्तर ऊंचा उठता है। शिव का 'महामृत्युंजय मंत्र' इस पर्व पर विशेष रूप से उच्चारित किया जाता है, जो मानसिक शांति और आरोग्य प्रदान करता है। इस मंत्र का प्रभाव न केवल आध्यात्मिक होता है, यह व्यक्ति की चेतना को भी जाग्रत करता है।

महाशिवरात्रि हमें इस बात की भी याद दिलाती है कि मानवता और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। शिव का स्वरूप पर्यावरण प्रेम का परिचायक है। वे कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं, गंगा को अपनी जटा में धारण करते हैं और नागों तथा पशुओं के संरक्षक हैं। उनके यह सभी प्रतीक हमें प्रकृति के संरक्षण और संतुलन की महत्ता का संदेश देते हैं। इस आधुनिक युग में जब तनाव, प्रतिस्पर्धा और आत्मकेंद्रित जीवनशैली बढ़ रही है, तब शिव की साधना हमें सरलता और सादगी का महत्व समझाती है। उनकी ध्यान मुद्रा हमें यह सिखाती है कि बाहरी शोर से दूर रहकर आत्ममंथन ही वास्तविक सुख का मार्ग है। उनकी तीसरी आंख यह इंगित करती है कि केवल बाह्य दृष्टि से नहीं, आंतरिक दृष्टि से भी संसार को देखना आवश्यक है। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, ये एक संकल्प है- आध्यात्मिक उत्थान का, आत्मशुद्धि का और मानवता के कल्याण का। इस दिन जब लाखों श्रद्धालु व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जल और दूध अर्पित करते हैं, वे अनजाने में ही इस शाश्वत सत्य की ओर अग्रसर होते हैं कि शिव स्वयं अनंत ऊर्जा हैं, जिन्हें हम अपने भीतर भी अनुभव कर सकते हैं।

# चिंतन मनन : सनातनी होना गौरव-गर्व की बात

संजीव ठाकुर



वेद तथा सनातनी ग्रंथों से मानव जीवन परिष्कृत होता है और सदाचार तथा वैदिक धर्म का ज्ञान मानव धर्मार्थ की खोज में एक यज्ञ की तरह है भारतीय ऋग्वेद, अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब, टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति, बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन है हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता है पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट हो जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत हो इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था। यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता, तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन, मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है। पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो, परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है। इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।

# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित

दर्शन

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है। अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम् का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

*-संकलन: कांतिलाल मांडोत*

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित

प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इंद्रियों को वश में कर सकते थे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सत्यम शिवम सुंदरम

अधिकतर लोग समझते हैं कि शिव और शंकर एक ही हैं। परंतु वास्तव में शिव रचनाकार है और शंकर रचना है। शिव अशरीरी हैं, तो शंकर सूक्ष्म शरीर धारी देवता हैं। मूलतः शिव इस संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं और जिसे हम सभी परमपिता परमात्मा के नाम से याद करते हैं, वही शिव हैं। जिस प्रकार एक पिता अपनी संतानों से प्रेम करता है और उनके कल्याण के लिए कार्य करता है, वैसे ही हम सब आत्माओं के पिता शिव भी हमसे प्रेम करते हैं और हमारे कल्याण के लिए ही इस धरा पर अवतरित होते हैं, जिसे हम शिव-जयंती व शिवरात्रि के रूप में मनाते हैं। दरअसल हम सभी आत्माएं अपने-अपने कर्मों के अनुसार फल पाते हुए विभिन्न जन्म लेती हैं। सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है।

*-संदीप शुक्ला, धमतरी*

## ट्रेंड

### विपक्ष की स्वीकृति



हमारे विपक्षी दल पहले किसी चीज का उपहास उड़ाते हैं, विरोध करते हैं, चर्चा से भागने का प्रयास करते हैं और अंततः उसको स्वीकृति भी देने के लिए तत्पर होते हैं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी स्नान करके आ गए, यह उनकी स्वीकृति का ही प्रमाण है...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### समय बड़ा बलवान



नेता प्रतिपक्ष होते हुए कई बार विजेंद्र गुप्ता जी के साथ दुर्व्यवहार किया गया। आज वही विजेंद्र गुप्ता जी को दिल्ली विधानसभा का स्पीकर नियुक्त किया गया है। समय बड़ा बलवान है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### बाबा साहेब की फोटो



दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री मोदी जी की फोटो लगा दी। ये सही नहीं है। मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप प्रधानमंत्री जी की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो लगी रहने दीजिए।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### ब्रह्मांड में कुछ खास



पहले मुझे लगा कि महाकुंभ सिर्फ एक बहुत बड़ा फोटो सेशन बनता जा रहा है। लेकिन अब एहसास हो रहा है कि हर कोई वहां जाने की इच्छा महसूस कर रहा है। क्या ब्रह्मांड में कुछ खास होने वाला है?

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# ट्रंप, पुतिन व मस्क सभी की नेतृत्व शैली एक जैसी



तानाशाही बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यहां तक कि गैर-निर्वाचित उद्यमी एलन मस्क भी 'राजाओं' की तरह हुक्म चला रहे हैं। कुछ लोग इन नेताओं को 'प्रामाणिक' कह सकते हैं क्योंकि वे वही कहते हैं और अक्सर वही करते हैं जो वे मानते हैं। अमेरिका में संघीय अदालत ने नुकसान को रोकने के लिए कार्यस्थल पर विविधता, समानता और समावेशन कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर रोक लगा दी थी। शोधकर्ताओं का मानना था कि प्रामाणिकता स्वाभाविक रूप से अच्छी और नैतिक होती है।

## ऑफ बीट

# मंगल पर जीवन हमारे पेट के सूक्ष्म जीवों की तरह होगा



अब तक प्रचलित मान्यता यह थी कि जीवन केवल उन परिस्थितियों में ही संभव है, जहां बहुकोशिकीय जीव फलते-फूलते देखे गए हैं। पानी की मौजूदगी, शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान, तटस्थ श्रेणी में पीएच, कम लवणता और सूर्य या समकक्ष ऊर्जा स्रोत का प्रकाश जीवन पनपने के लिए आवश्यक माने जाते थे। हालांकि, 20वीं सदी के मध्य में सूक्ष्मजीव विज्ञानी थॉमस डी ब्रॉक ने 'येलोस्टोन नेशनल पार्क' के गर्म झरनों में रहने वाले बैक्टीरिया की खोज की, जहां तापमान 70 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। हालांकि, उस समय यह खोज दूसरे खगोलीय पिंडों पर जीवन की संभावनाओं की तलाश से संबंधित नहीं

## संक्षेप

### ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के जिला अध्यक्ष बने इरफान सिद्दीकी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के नए जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान सिद्दीकी को नियुक्त किया गया है। मोहम्मद इरफान सिद्दीकी का जन्म कैसरगंज की धरती पर हुआ है। यह एक व्यवसायिक व्यक्ति है लेकिन शुरू से ही इनका जहन गरीब परेशान बिलखोसूस पसमांदा लोगों के प्रति हमेशा जागरूक करने के सिलसिले में रहा हैं। जिला अध्यक्ष के रूप में शपथ लेते हुए कार्यभार ग्रहण करते हुए इरफान सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि पसमदा समाज के लिए जी जान से पार्टी एवं संस्था के आदेशों का पालन करता रहूंगा। भारतीय संस्था के दिए गए निर्देश पर खरा उतरूंगा। पसमांदा समाज की विभिन्न मांगों को लेकर आवाज बुलंद करता रहूंगा। इरफान सिद्दीकी को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कैसरगंज के इलाके के लोगों में काफी खुशी व्याप्त है। इस मौके पर शाहिद अहमद सिद्दीकी एलर्जी चांद बाबू सिद्दीकी हसनैन कुरैशी जाहिद अली अंसारी इरफान अंसारी हुडा समद आदि लोग मौजूद रहे।

### बिजली चोरी में कर्मचारियों की मिलीभगत

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, विद्युत विभाग के कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के बीच मिलीभगत का बड़ा मामला सामने आया है। विभाग को राजस्व का नुकसान पहुंचाने के इस मामले में कई अहम खुलासे हुए हैं। खैराबाद मोहल्ले की उपभोक्ता रईसा बानो के मीटर में 14,784 यूनिट रीडिंग बैलेंस था। मीटर रीडर अनूप यादव ने इस मीटर को आईडीएफ कर दिया। इसी क्षेत्र के दूसरे उपभोक्ता मोहम्मद शाहिद के मीटर में 7,000 यूनिट रीडिंग बैलेंस था। टीजीटू ने 14 नवंबर को मीटर को आईडीएफ किया और 18 नवंबर को जल्दबाजी में बदल दिया। टीजीटू ने रीडिंग पोस्ट नहीं कराई। विद्युत परीक्षण खंड के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार की कार्रवाई में यह मामला प्रकाश में आया। जांच के बाद विद्युत वितरण खंड के टीजीटू संतोष और परीक्षण खंड के जीएमटी राजन श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

बांदा, शहर कोतवाली क्षेत्र के मवई गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 24 वर्षीय विवाहिता संगीता ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका एक साल के बच्चे की मां थी। संगीता ने मफलर से फंदा बनाकर आत्महत्या की। जब परिजनों को इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की नहीं है कोई कमी: डॉ आनंद गोंड

## मिहींपुरवा में सांसद खेल महाकुंभ का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है बस उन्हें बेहतर प्लेटफार्म की जरूरत है उक्त बातें सांसद खेल महाकुंभ के आयोजन पर सांसद डॉ आनंद गोंड ने कही। ग्रामीण युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मिहींपुरवा तहसील के मोतीपुर सिंचाई कालोनी मैदान में सांसद खेल महाकुंभ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बहराइच सांसद डा आनंद कुमार गोड़, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड एवं ब्लॉक प्रमुख सौरभ वर्माने दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद डॉ आनंद गोड़ ने 100 मीटर बालिका दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर बहराइच सांसद डा आनंद कुमार गोंड ने कहा कि मिहींपुरवा में आयोजित तहसील स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी बढ़ावा देता हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और हम आगे भी इस तरह के आयोजन कराते रहेंगे ताकि क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के लिए उचित मंच मिल सके। सांसद खेल महाकुंभ में विभिन्न एथलेटिक्स स्पधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ शामिल रहीं। इसके अलावा कबड्डी, खो-खो, जिम्नास्टिक, लंबी कूद और ऊँची कूद जैसी प्रतियोगिताओं में भी खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सांसद खेल प्रतियोगिता अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में जीवन यादव प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर आशुतोष मौर्या एवं तृतीय स्थान पर सोनू कुमार रहे। 100 मी बालिका वर्ग में विदिशा कुमारी प्रथम कृतिका कोलिक द्वितीय एवं परी तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर बालक वर्ग में आशुतोष मौर्या प्रथम, सोनू कुमार द्वितीय एवं अर्जुन तृतीय रहे तथा 200 मी बालिका वर्ग में कृतिका प्रथम स्थान, प्रतिज्ञा द्वितीय एवं अनन्या मौर्य तृतीय स्थान पर रही। बालक 400 वर्ग मीटर दौड़ में अभिषेक मौर्य प्रथम सोनू द्वितीय एवं अंकित चौहान तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर बालक वर्ग दौड़ में शिवम प्रथम, आकाश द्वितीय एवं अभिषेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे।सांसद खेल महाकुंभ के समापन के अवसर पर पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है उन्होंने उपस्थित जनसमूह एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और खेल भावना को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रवण मदेशिया, शिवेंद्र प्रताप सिंह, वीर चंद्र वर्मा, धीरज गोंड, संजीव गोंड, शिव कुमार शुक्ला, विक्रम सिंह सहित काफी संख्या लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर श्रमिक बालिकाओं ने प्रदर्शित किए मॉडल



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शहर के हुजूरपुर रोड पर स्थित विहान बालिका विद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में पढ़ने वाली श्रमिकों की बेटियों ने विज्ञान पर आधारित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रदर्शित किए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, विशिष्ट अतिथि जिला स्वास्थ्य सूचना अधिकारी बृजेश सिंह व फ्रेंड्स आफ कतर्निघाट के अध्यक्ष बीडी लखमानी रहे।

प्रदर्शनी में मनुष्य का कंकाल, रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम, दिल, ए टी एम, रॉकेट, चंद्रयान 03, ज्वालामुखी आदि शामिल रहे

सभी अतिथियों ने बालिकाओं द्वारा बनाए गए मॉडल को करीब से देखा और उनकी भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

इस अवसर पर स्कूल वार्डन प्रिया प्रसाद, शिक्षक धर्मेंद्र वर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, भूरत्न प्रभा, श्रृद्धा रैक्वार उपस्थित रहे।

# ड्रग इंस्पेक्टर ने की मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी

## बगैर बिल के कोई भी केमिस्ट ना खरीदें दवाएं: औषधि निरीक्षक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। औषधि निरीक्षक विनय कृष्णा यादव ने बहराइच जिले के तमाम मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कई मेडिकल स्टोर से नमूने लिए गए जिनको लैब टेस्ट के लिए लखनऊ भेज दिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर के साथ दिल्ली की संयुक्त टीम के साथ कोट बाजार मां गायत्री मेडिकल स्टोर एवं अन्य तमाम मेडिकल स्टोर पर



छापेमारी की गई दवाओं के नमूने लिए गए हैं। औषधि निरीक्षक ने बताया कि कोई भी केमिस्ट बगैर बिल के कतई दवाओं की खरीद न करें। ऐसे व्यक्तियों के ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। मार्केट में डेका दूरबोलिन एवं तमाम दवाएं डुप्लीकेट धड़ल्ले से बेची जा रही है, जिसकी शिकायत पर कई मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई है और छापेमारी का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। साथ ही साथ केमिस्ट बंधु ध्यान रखे की स्टॉकिस्ट से ही दवाएं खरीदें और पक्के बिल पर दवाओं की परचेज करें बगैर बिल के सादे पर्चे पर किसी भी सूरत में दवा की खरीद फरोख्त ना करें।

# यूपीएस परसिया आलम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया आलम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र छात्रा ने वर्तमान वैज्ञानिक विषयों पर वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी तथा विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवल कुमार पाठक ने कहा विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में हर साल 28 फरवरी को भारत में मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस रमन प्रभाव की खोज के कारण मनाया जाता है। इस खोज की घोषणा भारतीय वैज्ञानिक सर चंद्रशेखर वेंकट रमन (सर चन्द्रशेखर वेंकटरमन ने 28 फरवरी सन-1928 को की थी। इसी खोज के लिये उन्हे 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। श्री पाठक ने कहा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है।[1] विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। विज्ञान से गलत धारणा और अंधविश्वासों (अन्धविश्वासों) का विनाश होता है। विज्ञान और तकनीक को प्रसिद्ध करने के साथ ही देश के नागरिकों को इस क्षेत्र मौका देकर नई ऊँचाइयों को हासिल करना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक ओंकार नाथ सैनी, संध्या रानी, अनुपम जायसवाल ,अनिल कुमार एसएमसी अध्यक्ष, सदस्य तथा ग्राम प्रधान आदि लोगों ने भी संबोधित किया।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन

- भाजयुमो जिलाध्यक्ष बोले- खेल हार से न डरने का संदेश देता है

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, स्व. नसीर खान, वेद प्रकाश चैंपियन और सईद सुल्तानपुरी की स्मृति में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंदन सिंह ने कहा कि खेल मात्र शारीरिक गतिविधि नहीं है। यह युवाओं को जीवन में हार से न डरने का संदेश देता है। फाइनल मुकाबले सुल्तानपुर स्टेडियम और सोनबरसा खेल मैदान में खेले गए। आयोजन समिति के सरवर, वदूद और जिशान की टीम ने प्रतियोगिता का सफल संचालन किया। इस दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में इन लोगों की रही मौजूदगी कार्यक्रम में एस.एन. सिंह, राम शिरोमणि वर्मा, मुनेन्द्र मिश्रा चंदन, अतुल सिंह, कुलदीप वर्मा, अमित सिंह और अमन सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि इस



तरह के आयोजन जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए गए।

# लोकसभा-सांसद ने की शाहजहांपुर में सरकारी भवन बनाने की मांग

- आयकर और सीजीएसटी कार्यालय के लिए वित्त राज्यमंत्री ने दिए जांच के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, आयकर और सीजीएसटी कार्यालयों के लिए जल्द ही सरकारी भवन बनने की उम्मीद जगी है। भाजपा सांसद अरुण सागर ने वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात कर इस संबंध में पत्र सौंपा। सांसद ने नगर निगम की भूमि पर इन कार्यालयों के निर्माण का प्रस्ताव रखा। वर्तमान में दोनों कार्यालय किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। वित्त राज्यमंत्री ने सांसद के पत्र का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया है। सांसद अरुण सागर ने बताया कि आयकर और सीजीएसटी विभाग देश के महत्वपूर्ण विभाग हैं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के साथ-साथ देश की सेवा करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की सुविधाओं का भी ध्यान रखना जरूरी है। सांसद ने वित्त राज्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि जल्द ही दोनों विभागों के लिए नए भवन का निर्माण शुरू होने की उम्मीद है।

# रमजान आगमन से पूर्व रक्तदान का नेक काम

## शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के शिविर में 12 युवाओं ने किया रक्तदान

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन ने रहमतो वाले माह रमजान के आगमन से पूर्व रक्तदान शिविर का आयोजन किया। डॉ. आर के मिश्रा ने शिविर का उद्घाटन किया।शिविर में कुल 12 युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में अली रजा, एडवोकेट हाईकोर्ट ताहिर अब्बास, अली नवाज, जैनुल आबदीन, नजर अब्बास, मौलना फकी हैदर, फरमान हैदर और अली अब्बास शामिल रहे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन ने लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी तरह की कमजोरी नहीं होती है। फजल रिजवी ने बताया कि तीन दिन बाद रमजान का पवित्र माह शुरू होने वाला है। जिसे मुस्लिम समुदाय में रहमतो और बरकतो का महीना कहा गया है। इस एक माह में नेक काम करने का पुण्य अन्य दिनों की अपेक्षा बढ़ जाता है। इसे मद्देनजर रखते हुए हम लोगों ने रक्तदान जैसे पुण्य कार्य को अमल में लाया है। कार्यक्रम में डॉक्टर मोहतशम रजा, युवा प्रदेश अध्यक्ष फजल रिजवी, सफदर अब्बास, इमरान, जफर हसनैन, दिलशाद हुसैन, हैदर नकवी सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक का ऑफिस बना आरामगाह, चारपाई पर लेटे भाकियू कार्यकर्ता

बारिश के दौरान रात भर कोतवाली में हुई रागिनी और नारेबाजी, भाकियू कार्यकताओं में भरा जोश, अपनी जिद पर अड़े कार्यकर्ता, सीओ से दिन भर हुई वार्ता फैल।

अमन लेखनी समाचार

मुजफ्फरनगर । खतौली कोतवाली परिसर में दूसरे दिन भारतीय किसान यूनियन का धरना रहा जारी, बल्कि शुक्रवार को धरने में आई तेजी। यह धरना अब कोतवाल के ऑफिस तक पहुंच गया है। भाकियू कार्यकताओं और पुलिस प्रशासन के बीच कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन मामला सुलझने की बजाय और उलझता गया। हालात इतने बिगड़ गए कि धरना शुक्रवार भर जारी रहा ।बता दें कि तीन दिन पहले खतौली के कबूल कन्या इंटर कॉलेज के बाहर शिशु शिक्षा निकेतन की छात्राओं ने गलत प्रश्न पत्र देने के विरोध में दिया गया था। इस दौरान भाकियू कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे और सड़क जाम करने की कोशिश की थी। पुलिस को जाम खुलवाने के लिए वहां पहुंचे कोतवाल बृजेश शर्मा ने पहले बातचीत की, लेकिन बात नहीं बनी तो सख्ती दिखाते हुए भाकियू के पदाधिकारियों को धरने से हटा दिया था ।सख्ती पर भाकियू का विरोधभाकियू नेताओं का कहना था कि कोतवाल ने हिटलर शाही का प्रदर्शन करते हुए युवा ब्लॉक अध्यक्ष शिवा चौधरी को कॉलर पकड़ कर धरने से उठाया। भाकियू का आरोप है कि पुलिस थाने में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिसे वे सहन नहीं करेंगे। इस कारण भाकियू ने कोतवाली परिसर में धरना शुरू किया और उनका यह आंदोलन अब तक जारी है ।पुलिस और भाकियू के बीच वार्ता नाकामगुरुवार को भाकियू के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ट्रैक्टर लेकर कोतवाली पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। देर रात तक सीओ रामाशीष यादव ने भी कई बार वार्ता की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। हालात यहां तक पहुंचे कि भाकियू के नेता कोतवाली परिसर से उठकर कोतवाल के कार्यालय में घुस गए और वहां खाट बिछाकर रात भर आराम किया। इसके अलावा, कोतवाली परिसर में भाकियू कार्यकताओं ने रात भर रागिनी बजाई और जोरदार नारेबाजी कीशुक्रवार को धरने में भाकियू के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे, जिनमें नीरज पहलवान, कपिल सोम, सत्येंद्र चैधरी, कपिल मोतला, अंकुश प्रधान, राहुल अहलावत, मनोज डायरेक्टर, युवा जिलाध्यक्ष नरेश पुंडीर, बिल्लू, संजय अहलावत, बलिंदर, पवन बीर, मुजम्मिल राणा, राकेश चैधरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

# मंदिर जा रहे बुजुर्ग पर हमला



बांदा में दबंगों ने लाठी-डंडों से पीटा, घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

अमन लेखनी समाचार

बांदा, तिंदवारी थाना क्षेत्र के गुथनी गांव में एक बुजुर्ग पर दबंगों ने हमला कर दिया। भूरेलाल नाम के बुजुर्ग महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में गांव के 4 दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने फरसा, लाठी और डंडों से उन पर हमला किया। राहगीरों ने घटना की सूचना तुरंत परिजनों को दी। परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्ग को पहले तिंदवारी सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए बांदा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में ट्रामा सेंटर में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर फरवरी में तीन बड़े हादसे

## 8 की मौत, बिहार-एमपी के यात्री शामिल, स्पीड के साथ अंधेरा बन रहा हादसों का कारण

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर फरवरी माह में तीन बड़े सड़क हादसे हुए। इन हादसों में बिहार के पांच और मध्य प्रदेश के दो यात्रियों सहित कुल आठ लोगों की जान चली गई। सभी दुर्घटनाएं रात के समय हुईं। पहला हादसा एक फरवरी को बल्दीराय थाना क्षेत्र में हुआ। देहली बाजार के पास किमी 101 पर एक बोलेरो की दूसरे वाहन से टक्कर हो गई। इस हादसे में बिहार के जगदीशपुर निवासी दशरथ सिंह और लल्लन सिंह की मौत हो गई। इसी क्षेत्र के धरम पिपरा के संजय सिंह और सोनू घायल हो गए। दूसरा हादसा को गोसाईगंज थाना क्षेत्र में हुआ। किमी 128 के पास गौरा में एक डीसीएम अनियंत्रित होकर कंटेनर से टकरा गई। इस हादसे में मध्यप्रदेश के उज्जैन निवासी बने सिंह और साजापुर के तेजूलाल की मौके पर ही मौत हो गई। देवरिया निवासी गोवर्धन प्रसाद ने कूरेभार सीएचसी में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। तीसरा हादसा 24 फरवरी की रात को हुआ। कूरेभार थाना क्षेत्र के किमी 116.7 पर एक ट्रक ने स्कॉर्पियो को पीछे से टक्कर मार दी। स्कॉर्पियो में बिहार के मोतिहारी से आठ यात्री सवार थे। हादसे में तीन यात्रियों - सत्येंद्रकांत पांडेय, उनकी पत्नी शशि कला पांडेय और रीता देवी की मौत हो गई। काबिले गौर ये है कि इन बड़े हादसों के अलावा हुए अन्य हादसों में लोग यहां लोग घायल भी हुए हैं।

## संक्षेप

### बैंक मैनेजर हत्याकांड में दूसरा शूटर अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, पुलिस ने बैंक मैनेजर मनजीत मिश्रा हत्याकांड में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। इकोटेक-3 थाना पुलिस ने फरार चल रहे दूसरे शार्प शूटर विनय भाटी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 21 फरवरी की है, जब डी पार्क कट के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने मनजीत मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जांच में पता चला कि मृतक के साले ने ही 15 लाख रुपए में सुपारी देकर हत्या करवाई थी। पुलिस ने विनय भाटी को 130 मीटर रोड पर खोदना खुर्द के पास से गिरफ्तार किया। उसके पास से घटना में इस्तेमाल की गई बिना नंबर की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और 10 हजार रुपए बरामद हुए हैं। इसके अलावा मृतक का मेट्रो कार्ड, गेमिंग कार्ड और पहचान पत्र भी मिला है। इससे पहले पुलिस मुठभेड़ में आरोपी का दूसरा साथी बंटी गिरफ्तार हो चुका है। मृतक के साले समेत एक अन्य आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

# पोते ने दादा-दादी और बड़े दादा को काट डाला

## दौड़ा-दौड़ाकर फावड़े से वार किए; शवों को इकट्ठा कर बगल में बैठा रहा

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर, ट्रिपल मर्डर हुआ है। पोते ने ही दादा, उनके बड़े भाई और दादी की फावड़े से काटकर हत्या कर दी। पोते ने पहले भैंस पर फावड़े से हमला किया। दादा ने मना किया, तो वह भड़क गया। उसने दादा पर फावड़े से वार कर दिए। चीख-पुकार सुनकर दादी और बड़े दादा पहुंचे। आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। जान बचाने के लिए वे खेत की तरफ भागे, तो उसने दौड़ाकर मार डाला। फिर शवों को एक जगह इकट्ठा कर बगल में बैठा रहा। गांववालों की सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। घटना सुबह 6 बजे झंगहा के मोतीराम अड्डा स्थित कोईरान टोला में हुई। कोईरान टोला में कुबेर और साधु मौर्य दो भाई रहते हैं। कुबेर के दो बेटे विजय बहादुर और मेवालाल हैं। विजय बहादुर का 24 साल का बेटा रामदयाल सोकर उठा। इसी बीच फावड़ा उठा लिया और चिल्ला-चिल्ला कर भैंस पर हमला करने लगा। दादा कुबेर ने भैंस को मारने पर टोका। फिर रामदयाल खेतों की ओर भाग गया। दादा उसके पीछे दौड़े। इसी बीच रामदयाल ने कुबेर पर फावड़े से हमला कर दिया। पीछे से बड़े दादा साधु मौर्य (75) आए तो उनको भी खेतों में दौड़ाकर मार डाला। इसी बीच दादी (कुबेर की पत्नी) पहुंचीं तो उनको भी खेत में ही दौड़ाकर मार डाला। तीनों की कनपटी पर फावड़ा से हमला किया था, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय घर में मौजूद रामदयाल की मां कुशमावती बेटे की खौफनाक हरकत देखकर कांप उठीं। उन्हें अंदाजा हो गया कि अगर रुकीं, तो अगला शिकार वही होंगी। वह जान बचाकर गांव में भागीं और गांववालों को इस घटना की जानकारी दी। फिर गांव वालों के जरिए पुलिस को सूचना दी गई। गांव वालों ने बताया- हत्या के बाद आरोपी तीनों शवों को खेत से खींचकर एक जगह रास्ते पर ले आया। वह भागा नहीं, वहीं शवों के पास बैठ गया। गांव वाले भी पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे थे। इतने में पुलिस पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगा। दौड़ाकर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पड़ोसी ने बताया- दो दिन पहले भी रामदयाल हिंसक हो गया था। हाथ में धारदार हथियार लेकर सड़क जाम किया था। रामदयाल की मां ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका एक्सीडेंट हुआ था, इसके बाद से वह उग्र हो गया था। कोई भी हथियार पाता था तो भांजना शुरू कर देता था। 75 साल के साधु मौर्य की शादी नहीं हुई थी। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी छोटे भाई कुबेर के साथ ही बिता दी। कुबेर के दो बेटे विजय बहादुर और मेवालाल हैं।

# पटना के तस्कर से 219 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

## फर्जी नंबर प्लेट वाली कार जब्त, हरियाणा से शराब लेकर बिहार जा रहा था

अमन लेखनी समाचार



बलिया, बलिया में पुलिस ने होली से पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया। एसओजी और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर माल्देपुर मोड से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पटना के कंकड़बाग निवासी सनी कुमार के रूप में हुई है। आरोपी हरियाणा से शराब लेकर बिहार ले जा रहा था। उसकी ब्रेजा कार माल्देपुर मोड के पास खराब हो गई थी। पुलिस को देखते ही आरोपी भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। जांच में पता चला कि आरोपी होली के मौके पर ऊंचे दाम पर शराब बेचकर मुनाफा कमाना चाहता था। कार की तलाशी में विभिन्न ब्रांड की कुल 292 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इनमें रेड लेबल की 78, ब्लैंडर की 70, सिग्नेचर की 8, रॉयल स्टैग की 65, वैलेंटाइन की 37, ब्लैक एंड व्हाइट की 20, 100 पाइपर की 8 और ब्लैक डॉग की 6 बोतलें शामिल हैं। सभी बोतलें 750 एमएल की हैं। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया है। जांच में कार की नंबर प्लेट फर्जी पाई गई है।

### अवैध वाहनों पर कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, परिवहन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न मार्गों और मूड चौराहे पर बिना लाइसेंस चल रहे 21 ई-रिक्शा चालकों का चालान किया गया। प्रशासन ने 4 ई-रिक्शा को थाने में जब्त कर लिया। अभियान के दौरान नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे पर भी कार्रवाई की गई। नो पार्किंग जोन में खड़े 8 वाहनों का चालान काटा गया। यह कार्रवाई शासन और उच्चाधिकारियों के निर्देश पर की गई। उच्च अधिकारियों को दी जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) बुलंदशहर ने कार्रवाई की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी।

# पुलिस का बदमाश के साथ एनकाउंटर

### जवाबी फायरिंग में पैर पर गोली लगने से घायल, तमंचा और पर्स बरामद

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेंट्रल नोएडा पुलिस ने एक शातिर बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रिंस उर्फ बंटी ने 21 फरवरी को बैंक मैनेजर मनजीत मिश्रा की हत्या की थी। थाना इकोटेक-3 पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी सैनी सुनपुरा कट के पास मौजूद है। पुलिस को देखते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। घायल आरोपी से एक तमंचा, कारतूस और मृतक का पर्स बरामद हुआ है। पर्स में मृतक के दस्तावेज और 20,000 रुपये नकद थे। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी के अनुसार, प्रिंस के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच में पता चला कि मनजीत मिश्रा की हत्या उनके साले ने करवाई थी। साले ने प्रिंस और उसके साथी को 15 लाख रुपये में हत्या के लिए हायर किया था। इस मामले में पुलिस पहले ही मृतक के साले और एक अन्य आरोपी को जेल भेज चुकी है। फिलहाल घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# लॉरेंस गैंग का शूटर एनकाउंटर में ढेर

### एसटीएफ ने घेरा तो फायरिंग की; हरियाणा में डबल मर्डर का आरोपी, पैरोल पर आकर फरार हुआ था

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, यूपी एस.टी.एफ ने मेरठ में एक लाख के इनामी बदमाश जितेंद्र उर्फ जीतू को एनकाउंटर में मार गिराया। बुधवार तड़के मुंडाली इलाके में नोएडा एसटीएफ की टीम और मेरठ पुलिस ने उसे घेर लिया। सरेंडर करने को कहा तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। दोनों तरफ से कई राउंड फायरिंग हुई। एसटीएफ की एक गोली जितेंद्र को लग गई। वह गिर पड़ा, जबकि उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। एसटीएफ घायल जितेंद्र को नजदीकी अस्पताल ले गई। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर कार्बाइन और 32 बोर की पिस्टल से फायरिंग की। एसटीएफ टीम के प्रभारी दरोगा केशव शाडिल्य, मुंडाली थाना प्रभारी दिव्य प्रताप सिंह, हेड कॉन्स्टेबल राहुल और विवेक की बुलेटप्रूफ जैकेट पर गोली लगी। बुलेट प्रूफ जैकेट नहीं होती, तो पुलिस वालों की जान को खतरा हो सकता था। जितेंद्र हरियाणा के झज्जर जिले के आसौंदा सिवान गांव का रहने वाला था। गाजियाबाद में 23 अक्टूबर, 2023 को महमूदपुर में लालू नाम के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में 18 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इसमें जितेंद्र फरार चल रहा था। गाजियाबाद पुलिस ने उस पर एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था। जितेंद्र ने 2016 में झज्जर में गांव के प्रधान रामबीर और उसके पिता की हत्या कर दी थी। मामले में जितेंद्र को उम्रकैद की सजा हुई थी। 2023 में पैरोल पर बाहर आया। तब से फरार चल रहा था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि हरियाणा की जेल में रहने के दौरान वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग के संपर्क में आ गया था। इसके बाद लॉरेंस गैंग के लिए काम करने लगा था। जितेंद्र के खिलाफ 8 मामले दर्ज थे। एसटीएफ के सूत्रों ने बताया कि जितेंद्र सुपारी किलर था। गाजियाबाद में 2023 में उसने जो हत्या की थी, उसे भी सुपारी लेकर अंजाम दिया। वह लॉरेंस गैंग के लिए भी धमकाने और वसूली का काम करता था।

# खेकड़ा में रजवाहे की पटरी टूटी



### 150 बीघा गेहूं-सरसों की फसल डूबी, किसान आक्रोशित

अमन लेखनी समाचार

बडौत, खेकड़ा कस्बे में मितली रजवाहे की पटरी टूटने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। देर रात पानी के तेज बहाव से रजवाहे की पटरी अचानक टूट गई। इससे आसपास के खेतों में पानी भर गया। जयपाल, महेश, सुधीर, प्रमोद, आजाद, सुखबीर, नीरज और देवेंद्र समेत अन्य किसानों की लगभग 150 बीघा फसल जलमग्न हो गई है। स्थानीय लोगों ने पटरी की मरम्मत का प्रयास किया। पानी के तेज बहाव के कारण वे सफल नहीं हो पाए। किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी ठेकेदारों से मिलकर मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए का गबन करते हैं। इस कारण रजवाहा वर्ष में कई बार टूटता है। किसानों का कहना है कि एसडीओ और अवर अभियंता रजवाहे की नियमित जांच नहीं करते। किसानों ने और नुकसान को रोकने के लिए रजवाहे का पानी बंद करने की मांग की है। स्थिति को देखते हुए किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

### पुलिस का अपराधियों में खौफ

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, पुलिस के सख्त रवैये से अपराधियों में जबरदस्त दहशत का माहौल है। हालात ये हैं कि अब अपराधी खुद ही अपनी जमानत तुड़वाकर जेल की सलाखों के पीछे जाना पसंद कर रहे हैं। हाल ही में चार आरोपियों ने कोर्ट में पेश होकर स्वेच्छा से जमानत रद्द करवाई और जेल चले गए। दरअसल, बुलंदशहर पुलिस की लगातार कार्रवाई से अपराधियों के हौसले पस्त हो चुके हैं। हाल ही में डेढ़ लाख के इनामी बदमाश राजेश आहरिया और सवा लाख के इनामी साहेब सिंह को एनकाउंटर में ढेर किया गया था। इसके अलावा, खुर्जा में कारोबारी के अपहरण के मामले में भी दो बदमाश पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे। मेरठ रेंज में सबसे ज्यादा हाफ एनकाउंटर बुलंदशहर पुलिस के नाम हैं।

# खपराना जंगल में मिला शावक का शव

- रेंजर्स की लापरवाही और स्टाफ की कमी से शिकारी हो रहे सक्रिय

अमन लेखनी समाचार



बडौत, खपराना गांव के जंगल में एक तेंदुए के शावक का शव मिलने से वन्यजीव प्रेमियों में रोष व्याप्त है। शावक के पैर लोहे के तार से बंधे मिले, जिससे शिकारियों द्वारा हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

पूर्व डीएफओ जीएस खुशारियां ने कहा कि बागपत जनपद में तेंदुओं की अच्छी संख्या है।

जंगल में पर्याप्त शिकार मिलने के कारण ये मनुष्यों पर हमला नहीं करते। लेकिन वन विभाग की लापरवाही के कारण क्षेत्र में शिकारी सक्रिय हो गए हैं। इससे पहले भी शाहपुर बाणगंगा गांव में शिकारियों ने एक तेंदुए की हत्या की थी। बरनावा में भी एक तेंदुआ शिकारियों के जाल में फंस गया था। वन्यजीव प्रेमियों का कहना है कि रेंजर्स कार्यालय में बैठे रहते हैं और क्षेत्र में गश्त नहीं करते।

स्टाफ की कमी भी इस समस्या का एक बड़ा कारण है। मृत शावक का अंतिम संस्कार डीएफओ राजेश कुमार की देखरेख में संतनगर पौधशाला में किया गया। वन्यजीव प्रेमियों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और शिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# कोर्ट में विचाराधीन मामले में दबंगों की मनमानी

## जेसीबी से गिराई दुकान, पीड़ित ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार



रायबरेली, सदर कोतवाली क्षेत्र में खोया मंडी के पास स्थित एक दुकान को कुछ लोगों ने रात के अंधेरे में जेसीबी से गिरा दिया। दुकान के मालिक अच्छन खान के मुताबिक यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। दुकान के मालिक अच्छन खान, जो खिरनी ताला के निवासी हैं, वहां लोहे का कारखाना चलाते थे। भीमेंद्र सिंह और उनके साथियों ने रात में जेसीबी से दुकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस मामले की जानकारी पहले से ही नगर कोतवाली में दी जा चुकी थी। मामले में एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि विपक्षियों ने दुकान बनवाने के नाम पर अच्छन खान से एग्रीमेंट कराया था। इस एग्रीमेंट के तहत उन्होंने दुकानदार से 2,40,000 रुपए भी लिए थे। जिसके सभी दस्तावेज दुकानदार के पास मौजूद हैं। घटना की सूचना मिलते ही दुकानदार ने 112 पर कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने वीडियोग्राफी की और वापस लौट गई। पीड़ित ने रायबरेली के पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

# बुजुर्ग महिला से चेन लूटने वाले को किया लंगड़ा

- शातिर स्नेचर से पुलिस की मुठभेड़

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, बुजुर्ग महिला से चेन लूटने वाले लुटेरे उसके एक साथी को पुलिस ने मुठभेड़ अरेस्ट कर लिया। उसके पैर में गोली मारकर उसे लंगडा.भी बना दिया। दरअसल थाना मेडिकल पुलिस की मंगलवार रात चेन लुटेरे से मुठभेड़ हुई। इसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और 11250 रुपए नकद और स्कूटी बरामद हुई थी। पूछताछ में बताया कि इसने 21 फरवरी को दिन में एक बुजुर्ग महिला की चेन लूटी थी। मेडिकल थाना पुलिस मुठभेड़ हुई है। सीओ सिविल लाइन अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि मेडिकल पुलिस जाग्रति विहार एक्सटेंशन गुर्जर चौक पर चैकिंग कर रही थी। तभी वहां सफेद रंग की स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति गुर्जर चौक से आते दिखे। पुलिस ने चेकिंग के लिए उन्हें रोकने का इशारा किया। लेकिन वो रुके नहीं बल्कि स्कूटी दौड़ाते हुए पुलिस पर जान से मारने की नियत से फायर किया। रिंग रोड की ओर भाग गए। पुलिस पीछा करते हुए गई। घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया। तो उनकी स्कूटी रिंग रोड पर फिसलकर गिर गई। तभी एक व्यक्ति पैदल-पैदल खेतों की ओर भागा। दूसरा रोड पर भागने लगा। एक व्यक्ति पुलिस पर फायर करता रहा। जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षार्थ पुलिस ने फायर किया। जिसमें गोली एक व्यक्ति के दाएं पैर में लगी। वो गिर पड़ा। पूछताछ में अपना नाम मेहताब उर्फ चिकना निवासी लिसाड़ी गेट थाना बताया। इसके पास अवैध तमंचा, कारतूस मिला। दूसरी तरफ भागे दूसरे व्यक्ति को पुलिस ने पीछा कर हिरासत में लिया। जिसकी पहचान शाहिद निवासी लिसाड़ी गेट के रूप में हुई। घायल को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। बताया कि 21 फरवरी को दिन में दोपहर 1 बजे हमने मेडिकल क्षेत्र किला रोड में एक बुजुर्ग महिला की चेन लूटी थी।

## शादी समारोह के दौरान रोडरेज कार बचाने को लेकर विवाद, मामा-भांजे को डंडों से पीटा



अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान रोडरेज का मामला सामने आया है। पलवल के कुशक बडौली गांव के रहने वाले कपिल और उनके भांजे को चार लोगों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। कपिल अपने भांजे के साथ रामपुर माजरा गांव में एक रिश्तेदार की शादी में जा रहे थे। गांव के पास पहुंचने पर सामने से आ रही एक गाड़ी से बचने के दौरान दूसरे वाहन चालक से उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान दूसरे पक्ष ने अपने साथियों को फोन कर बुला लिया। मौके पर पहुंचे लोगों ने मामा-भांजे दोनों को डंडों से पीटा। घायल अवस्था में दोनों ने पहले बिलासपुर पुलिस चौकी में शिकायत की। बाद में दनकौर कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई।

# सड़क हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत

## तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने दो बाइक को टक्कर मारी, 2 की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा हुआ। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे पांच शिवभक्तों को तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने टक्कर मार दी। हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई। दो अन्य घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। ये घटना मंगलवार रात करीब एक बजे भोजपुर थाना क्षेत्र में हुई। मृतकों की पहचान फरीदाबाद निवासी देवेंद्र, हरेंद्र और अजय के रूप में हुई है। घायल सुनील और सुंदर का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फरीदाबाद के गांव महमूदपुर निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे थे। एक बाइक पर देवेंद्र, हरेंद्र और अजय थे। दूसरी बाइक पर सुनील और सुंदर सवार थे। दोनों बाइक कांवड़ का इंतजार करने के लिए सड़क किनारे रुकी थीइसी दौरान एक तेज रफ्तार टाटा हैरियर ने कई वाहनों को ओवरटेक करते हुए दोनों बाइक को टक्कर मार दी। सभी घायलों को मणिपाल अस्पताल ले जाया गया। वहां तीन को मृत घोषित कर दिया गया। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी के अनुसार, दुर्घटना में शामिल गाड़ी मेरठ आरटीओ में पंजीकृत है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आगे की कार्रवाई जारी है

## संक्षेप

### ननिहाल आए दलित युवक का सिर फोड़ा मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। ननिहाल आए दलित युवक को दो युवकों ने जाति सूचक गालियां देते हुए बेल्टों से जमकर पीटा और ईंट मार कर सिर्फ फोड़ दिया। युवक के बेहोश होने पर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित युवक की मां ने मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के चांद थोक निवासिनी निर्मला देवी अनुरागी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने पुत्र सुशांत के साथ मायके विदोखर पुरई गई थी। 25 फरवरी को उसका पुत्र गांव के महंत बाबा मंदिर के समीप सब्जी बाजार गया था। यहां पर विदोखर मेदनी के प्रशांत सिंह व दीपेंद्र सिंह ने जाति सूचक गालियां देते हुए बेल्टों से पीटा और ईंट मार कर सिर फोड़ दिया। पुत्र के बेहोश होने पर दोनों जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग गए। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ दलित उत्पीड़न, मारपीट, गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है।

### अब तीन मार्च से शुरू होगा रेलवे क्रासिंग में सड़क मरम्मत का कार्य

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। महाकुंभ मेले के मद्देनजर जेसीबी मशीन चलाने की अनुमति नहीं मिलने के कारण कस्बे के बांदा मार्ग में बने गेट संख्या 31 का सड़क मरम्मत कार्य फिलहाल टाल दिया गया है। अब यह कार्य तीन मार्च की रात 9 बजे से शुरू होगा। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि महाकुंभ मेले के मद्देनजर 26 फरवरी से गेट संख्या 31 की सड़क का मरम्मत कार्य किया जाना था लेकिन जेसीबी मशीन चलाने की अनुमति नहीं मिलने से कार्य रोक दिया गया था। अब यह कार्य तीन मार्च की रात 9 बजे से सुबह 5 बजे तक कराया जाएगा। इस दौरान रात में क्रॉसिंग से आने जाने का यातायात बंद रखा जाएगा। इसकी सूचना पूर्व में सभी को दी जाएगी ताकि किसी को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।

# जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु मिशन अभ्युदय लॉन्च किया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने आज एक नवाचारी कदम उठाते हुए एक सराहनीय पहल को प्रारंभ करते हुए मिशन अभ्युदय लॉन्च किया। इस मिशन के तहत अब जनपद के सभी दिव्यांगजनों का डाटा एकत्र कर उनको सभी सुविधाएं यथा उनके लिए आवास ,सहायक उपकरण ,पेंशन , दिव्यांगता प्रमाण पत्र या अन्य प्रकार की सुविधाएं ऑनलाइन घर बैठे ही मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त हो सकेगी ।इसके लिए मोबाइल एप भी विकसित किया जा रहा है ।मोबाइल एप के माध्यम से दिव्यांगजनो हेतु संचालित सभी योजनाओं, कार्यो की नियमित मॉनीटरिंग भी की जाएगी। दिव्यांगजनो हेतु इस मिशन अभ्युदय को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी ने लांच किया है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने मिशन अभ्युदय के अंतर्गत निर्देश दिए हैं कि जनपद के सभी दिव्यांगजनों का सर्वे कर डाटा बना लिया जाय तथा 5 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को प्राथमिकता के साथ चिन्हित कर उनका डेटा लेकर कॉक्लियर इंप्लांट योजना के अंतर्गत उनकी दिव्यांगता दूर करने हेतु प्रयास किया जाए। दिव्यांग जनों की शत प्रतिशत यूनिक आईडी भी मिशन अभ्युदय के तहत बनाई जाए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना ,जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रेगनेंट महिलाओं की पोर्टल पर फीडिंग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोर्टल पर बेनिफिशियरी अपलोड करने, फैमिली प्लानिंग, संस्थागत प्रसव आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि मां एवं नवजात ट्रैकिंग पोर्टल पर शत प्रतिशत डेटा फीड किया जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यों /विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए। गर्भवती महिलाओं ,बच्चों के टीकाकरण आदि पर विशेष ध्यान दिया जाए, नियमित टीकाकरण से वंचित छोटे बच्चों , गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर माइक्रोप्लान बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। आशा ,आंगनवाड़ी कार्यकत्री,एएनएम एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नियमित रूप से समयबद्ध ढंग से भुगतान किया जाय , इसमें अनावश्यक देरी नही की जानी चाहिए, स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का समयबद्धता से भुगतान किया जाय। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभार्थियों को समयबद्ध ढंग से योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए इसमें अनावश्यक पेंडेंसी नहीं रहनी चाहिए ।कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पोर्टल पर लाभार्थियों का डाटा समय से फीड कराया जाए। कहा कि फैमिली प्लानिंग के कार्यों में तेजी लाई जाए तथा इसके लिए लोगों की काउंसलिंग की जाए, इसमें डॉक्टरों को जो लक्ष्य दिया गया है लोगों की काउंसलिंग कर तथा आशाओ को लक्ष्य देकर उसको प्राप्त किया जाए। कहा कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए तथा इसमें आशाओं द्वारा 100% डिलीवरी की रिपोर्टिंग एवं विजिट किया जाए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम ,टीवी उन्मूलन कार्यक्रम , राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, समस्त डिप्टी सीएमओ व एसीएमओ , सीएमएस पुरूष व महिला अस्पताल , समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाला युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 रघुवंश कुमार यादव थाना पीपरपुर मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर झपट्टा मारकर मोबाइल व रुपये ले जाने वाला प्रकाश में आया एक अभियुक्त सूरज सिंह पुत्र शमशेर बहादुर सिंह निवासी ग्राम धनापुर के प्राइमरी स्कूल केशवपुर के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल यूपी 72 बीवाई 6204 के साथ गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त ने पावर हाउस ग्राम घोरहा के पास अपने साथी सोनू यादव पुत्र रामकुमार यादव नि0 ग्राम गड़ेरी पूरे दुबान के साथ मिलकर ई-रिक्शा चालक से एक मोबाइल व 630 रुपये झपट्टा मारकर ले लिये थे ।बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# दबंगों की धमकी से सहमा सातवीं का छात्र फांसी पर झूला

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सिमनौडी के निवासी एक किसान के बेटे ने कानपुर के हनुमंत विहार में दबंगों की धमकी से सहमकर बुआ के घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र के आत्महत्या की जानकारी होते ही धमकी देने वाले दबंग पति-पत्नी घर से फरार हो गए हैं। पुलिस ने फरार महिला के भाई को हिरासत में लिया है। घटना गुरुवार शाम की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। घटना की सूचना पाकर ब्लॉक प्रमुख मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दोषियों को किसी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा।

सिमनौडी के पूर्व प्रधान अरुण कुमार सोनकर खिन्नी भाई के बड़े भाई अनिरुद्ध सोनकर का परिवार कानपुर में बहन सुनीता के यहां हनुमंत विहार में रहता है। अनिरुद्ध के तीनों पुत्र निर्भय राज, ऋषभ राज, धनंजय राज मां चुन्नी देवी के साथ कानपुर में रहकर पढ़ाई करते हैं। मृतक के चाचा अरुण कुमार सोनकर ने बताया कि बुधवार को दो छोटे बच्चे पड़ोस में लड़ रहे थे, जिनको धनंजय राज ने जाकर छुड़वाया। इसी बीच एक लड़के की मां आ गई और धनंजय के कई थप्पड़ जड़ दिए। इसकी जानकारी धनंजय ने मां चुन्नी देवी के साथ बुआ सुनीता को दी। दोनों महिलाएं उस महिला के घर उलाहना देने गयीं। उलाहना देने पर महिला के पति ने कहा कि दलित होकर उसके पुत्र को कैसे छुआ है। अभी तो केवल थप्पड़ मारा है। अब जिस दिन मिल जाएगा काटकर फेंक दूंगा। जिस वक्त महिला का पति धमकी दे रहा था उस वक्त धनंजय भी वहां मौजूद था। उसके अंदर भय समा गया और वह गुरुवार को स्कूल नहीं गया। पूरे दिन घर के अंदर बना रहा। दबंग की धमकी से सहमे किशोर ने शाम 5 बजे के बाद घर पर ही मौका पाकर बेल्ट से फांसी लगा ली। फांसी पर लटका देखकर परिजन उसे उतारकर रीजेंसी ले गए। यहां पर डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। छात्र के आत्महत्या की खबर मिलते ही दबंग पति पत्नी घर से फरार हो गए हैं। पुलिस ने महिला के भाई को हिरासत में लिया है। पूर्व प्रधान ने बताया कि मृतक पारतोष इंटरनेशनल कॉलेज में सातवीं का छात्र था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। घटना की सूचना पाकर ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव कानपुर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। मृतक के पिता अनिरुद्ध के पास करीब 15 बीघा जमीन है। वह गांव में रहकर बच्चों को कानपुर में रखकर पढ़ा लिखा रहे थे। घटना की सूचना गांव में आते ही सन्नाटा पसर गया है। पूर्व प्रधान ने अंतिम संस्कार के बाद तहरीर देने की बात कही है।

# डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में बुंदेलखंड कॉलेज में द्विदिवसीय खेल महोत्सव का हुआ उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

झाँसी। बुन्देलखण्ड कॉलेज में शुक्रवार को दो दिवसीय खेल महोत्सव का उद्घाटन प्राचार्य प्रो० एस०के० राय की अध्यक्षता में किया गया। उद्घाटन नगर के प्रतिष्ठित समाज सेवी डॉ० संदीप सरावगी के मुख्य आतिथ्य तथा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी, उद्घोषक आफाक अहमद खान तथा राष्ट्रीय एथलीट खिलाड़ी अर्जुन सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।अतिथियों के आगमन पर तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलित कर खेलों की शुरूआत की गई। आज छात्र-छात्राओं की 100 मीटर रेस के अतिरिक्त वॉलीबल प्रतियोगिता का भी समानान्तर आयोजन किया गया जिसमें टीम बीलू के कप्तान अरमान मंसूरी ने 20-44 से मैच जीता। परिसर स्थित क्रिकेट मैदान पर बुन्देलखण्ड कॉलेज शिक्षक वर्ग एवं गौरी फाउंडेशन के बीच 16-16 ओवर का मैत्री मैच



हुआ, जिसमें टॉस जीतकर बुन्देलखण्ड कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन बनाये। डॉ0 रहीस अली ने आल राउंड प्रदर्शन करते हुए 86 रन 38 बॉल में बनाये एवं 05 विकेट प्राप्त किया। अन्य शिक्षक खिलाड़ियों में कैप्टन डॉ0 उमेश चन्द्र यादव, ने 09 बॉल में 36 रन बनाकर नोट आऊट रहे, डॉ0 विवेक कुमार सिंह, एवं डॉ0 मयंक त्रिवेदी ने शानदार प्रदर्शन किया। दूसरी टीम गौरी फाउंडेशन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्रजेन्द्र यादव ने 45 रन, हीतेश ने 39 रन बनाये मात्र 160 रन बनाकर आल आऊट हो गयी। इस तरह बुन्देलखण्ड कॉलेज शिक्षक टीम विजयी रही। मैन ऑफ द मैच डॉ0 रहीस अली रहे। मंच से संबोधित करते हुए डॉक्टर संदीप ने कहा आज के आपाधापी भरे युग में व्यक्ति अपनी निजी व्यस्तता में अपना सारा दिन व्यतीत कर देता है व्यायाम और खेलों की तरफ लोगों की रुचि कम होती जा रही है शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल व व्यायाम दोनों ही आवश्यक हैं। हमें अपना कुछ समय निकालकर व्यायाम और खेलों में भी रुचि लेना चाहिए। हमारा संगठन संघर्ष सेवा समिति खेलों में रुचि लेने वाले खिलाड़ियों के लिए भी कार्य कर रहा है हमारा उद्देश्य है कोई भी खिलाड़ी किसी अभाव में अपना खेल कौशल प्रदर्शित करने से न चूक पाये। हम अब तक कई खिलाड़ियों का खेल सामग्रियों व आर्थिक रूप से सहयोग कर चुके हैं आगे भी हम यह कार्यक्रम अनवरत जारी रखेंगे। इस अवसर पर खेल मैदान में प्रो0 जितेन्द्र कुमार तिवारी, प्रो0 नूतन अग्रवाल, प्रो0 ज्योति वर्मा, प्रो0 उमारतन यादव, प्रो0 संजय सक्सैना, प्रो0 एल0सी0 साहू, प्रो0 नवेन्द्र कुमार सिंह, प्रो0 नीलम सिंह, डॉ0 ब्रजेश मिश्रा आदि शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। खेल सचिव डॉ0 ए0पी0एस0 गौतम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एसपी ने थाना मुंशीगंज का किया वार्षिक निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

अमेठी पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना मुंशीगंज का वार्षिक निरीक्षण किया गया ।सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक को सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क व अभिलेख के रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया गया ।थाना परिसर, कार्यालय आदि की साफ-सफाई व रजिस्टरो का रखरखाव संतोषजनक पाया गया ।प्रभारी निरीक्षक मुंशीगंज एवं उपस्थित अधिकारी /कर्मचारीगण को अच्छी वर्दी धारण करनें, थाने पर आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करते हुये उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित करने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियत्रंण, महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी रोकथाम, लंबित विवेचना, लंबित माल निस्तारण एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा व अन्य अधि0/कर्म0 गण मौजूद रहे ।

# विवाहिता के फांसी लगाकर मौत के मामले में सास ससुर पति व देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। फांसी लगाकर महिला की मौत के मामले में मृतका के पिता ने ससुराली पक्ष के पांच लोगो के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने सास, ससुर, देवर सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव में विवाहिता अभिलाषा 27 वर्ष पत्नी अजय कुमार ने गत सोमवार की देर रात फांसी लगा ली थी। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मृतका के पिता बबलू पुत्र दुर्गा निवासी तिंदुही थाना खन्ना महोबा ने ससुराली जनों पर आरोप लगाते हुए बताया कि सास, ससुर बच्चीलाल, पति अजय, देवर विजय व राहुल आदि दहेज की मांग लगातार करते आ रहे हैं। मांग पूरी न होने पर फांसी लगाकर टांग दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पिता की तहरीर पर दहेज हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू की गयी है।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा परिणाम घोषित

**हमीरपुर की 117 सीटों में से 115 सीटों पर छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।लगातार तीसरे वर्ष जनपद हमीरपुर की 117 सीटों में से 115 सीटों पर छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने इस सफलता के लिए समस्त पास हुए छात्र-छात्राओं, तथा इस समस्त शिक्षको को शुभकामनाएं दी है। डी सी ट्रेनिंग आलोक त्रिपाठी ने बताया कि 02 सीटें अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आरक्षित हैं, जनपद में उक्त श्रेणी के बच्चे ना होने के कारण सीटें रिक्त जा रही है ।नोडल एस आर जी राम कृष्ण शुक्ल ने बताया सभी ठटटर में पास हुए 115 बच्चों कक्षा 9 से कक्षा 12 तक प्रतिवर्ष 12000/-छात्रवृत्ति के रूप में मिलेंगे। जनपद की इस सफलता में शिक्षको ने विद्यालय के बाद भी रूक कर बच्चों की ठटटर परीक्षा की तैयारी करायी। कुछ शिक्षक साथियों ने आनलाइन कक्षाओ के माध्यम से भी बच्चो का मार्गदर्शन किया।

# एक उम्मीद एनजीओ के मंडल अध्यक्ष बनने पर प्रदीप टांडा का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार

झांसी। प्रधान संगठन द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया झांसी राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के तत्वाधान में संगठन के मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव टांडा को एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति का झांसी मंडल अध्यक्ष बनने पर बुंदेलखंड प्राईड होटल में सम्मान समारोह आयोजित कर पदाधिकारियों एवं ग्राम प्रधानों ने माल्यार्पण कर पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह राजपूत बबीना ब्लॉक अध्यक्ष मोनू सिंह प्रधान सफा बड़ागांव ब्लाक अध्यक्ष रघुनाथ यादव प्रधान मुस्तरा मातादीन कुशवाहा प्रधान पोहरा शिरोमन दास अहिरवार प्रधान सार मऊ सरोज देवी प्रधान जरवो यशवंत राजपूत प्रधान बरनाया मानसिंह गौतम प्रधान खड़ौआ मानवेंद्र यादव प्रधान छपरा देवी दयाल राजपूत प्रधान रुद्र बलोरा मुकेश गौतम प्रधान शाहजहांपुर हरकिशन वंशकार प्रधान चमरौआ रोहित यादव प्रधान सिमरा राजपाल प्रधान पर्वत कुशवाहा प्रधान चंद्रभान सिंह दांगी प्रधान प्रभु दयाल प्रधान डगरियारुद्र सहित आदि ग्राम प्रधान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश के चलते हुई मारपीट में आधा दर्जन घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। शुक्रवार को पुरानी रंजिश के चलते हुए खूनी संघर्ष में एक महिला और एक मासूम बच्चे सहित आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोंटे आईं हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सभी घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकरी बुजुर्ग निवासी अनीता पत्नी छुटटन ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया है कि वह चौराहे से आटा की बोरी लेकर घर जा रही थी। तभी रास्ते में जीवन और बहादुर पुत्रगण लल्ली और उनके पुत्रों ने गाली गलौज शुरू कर दी ।महिला ने बताया कि जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त लोग उसे घसीट कर घर के अंदर ले गए और मारपीट की। बचाने आए परिजनों को भी उक्त लोगों ने लाठी डंडे और कुल्हाड़ी फरसे से मारपीट कर घायल कर दिया। बताया कि उक्त लोगों ने छत से पत्थर भी बरसाए हैं जिससे छोटेलाल, अनीता, अमित, अंकित, बब्बी और सुमित को गंभीर चोंटे आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सभी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

### मां की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए चारो धाम पैदल यात्रा के लिए निकला बेटा

अमेठी पथिक समाचार

अमेठी के इन्हौना कस्बा निवासी तरुण यज्ञसैनी अपनी दिवंगत माँ की अंतिम इच्छा पूरी कर रहा है। उनकी माता मधु यज्ञसैनी का 31 दिसंबर 2024 को एक गंभीर बीमारी के बाद निधन हो गया था ।मधु यज्ञसैनी की आखिरी इच्छा चार धाम की यात्रा करने की थी। इन चार धामों में अयोध्या, खाटू श्याम, मेहंदीपुर बालाजी और सालासर बालाजी शामिल हैं ।20 वर्षीय तरुण अब अपनी माँ की तस्वीर के साथ यह पदयात्रा कर रहा है ।तरुण अयोध्या की यात्रा पूरी कर ली है। वापसी में उन्होंने जगदीशपुर क्षेत्र के गुलाबगंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में विश्राम किया। यहाँ समाजसेवी सोनू यज्ञसैनी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद तरुण खाटू श्याम की पदयात्रा के लिए रवाना हो गए।

# माटीकला टूल किट्स का एक दिवसीय जागरूकता शिविर का शुभारंभ

## माटीकला टूल किट्स का नि:शुल्क रूप से किया गया वितरण

अमेठी पथिक समाचार

अमेठी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के तत्वाधान में उ०प्र० माटीकला बोर्ड, लखनऊ द्वारा संचालित माटीकला के परम्परागत कामगारों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित लाभार्थियों को नि:शुल्क माटीकला टूल किट्स के वितरण एवं एक दिवसीय माटीकला जागरूकता शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत कार्यालय गौरीगंज के सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि द्वारा




दीप प्रज्वलन कर एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उन्होंने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा 20 लाभार्थियों को नि:शुल्क विद्युत चालित चाक प्रदान किया गया एवं आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उ०प्र० माटीकला बोर्ड के सदस्य मंगरू प्रजापति के साथ-साथ जिला पंचायत सदस्यगण रीना सिंह, जगन्नाथ पाण्डेय, राम कृष्ण भारती, उदयराज यादव, निर्मला देवी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान उक्त कार्यक्रम का आयोजन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य अधिकारी नरेन्द्र कुमार, जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक राजीव पाण्डेय, जिला उद्योग केन्द्र से राजेश भारती, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में तैनात औ०स० निरीक्षक अमरचन्द्र पाण्डेय एवं कनिष्ठ सहायक शिवराज के साथ-साथ माटीकला के कामगर एवं आम जन-मानस लोग भी उपस्थित रहे।

# नहाते समय पैर फिसलने से हाईस्कूल का छात्र कुएं में गिरा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। हाईस्कूल के छात्र की नहाते समय पैर फिसलने से कुएं में गिरकर मौत हो गई। घटना से पूरे परिवार सहित गांव में मातम छा गया। छात्र अपने मां-बाप की इकलौती संतान था। मुस्करा थाना क्षेत्र के ऐंझी गांव निवासी अखिलेश राजपूत ने बताया कि उसका पुत्र जसवंत उर्फ गोलू 16 वर्ष कस्बे के बैजनाथ अग्रवाल विद्यालय में दसवीं का छात्र था। इस वर्ष कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा दे रहा था। सुबह करीब 11 बजे घर के बाहर स्थित कुएं में नहा रहा था कि तभी उसका पैर फिसल गया और वह कुएं में जा गिरा। बताया कि कुएं में 40 से 50 फीट पानी भरा है और वह बहुत ही गहरा है। गोलू के गिरते वक्त वहां खेल रहे बच्चों ने यह घटना देखी और शोर मचाया। जिसके बाद आसपास के पड़ोसी और परिजन आनन फानन में कुएं के अंदर उतरे और जसवंत को बाहर निकालकर तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा लाए। जहां ड्यूटी पर तैनात डा. मनुलिका वर्मा ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से जसवंत के माता पिता के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया। जसवंत उनकी इकलौती संतान था। मृतक छात्र के पिता किसान हैं। पड़ोसियों ने बताया कि मृतक जसवंत उर्फ गोलू बहुत ही संस्कारी और होनहार छात्र था। इस घटना से पूरा गांव आहत है।

थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



बच्चों, तुम कहानियां, कॉमिक्स या मैग्जीन्स तो पढ़ते ही होगे। अगर तुम्हें ऐसी किताबें पढ़ने के साथ-साथ साइंस में भी रुचि है तो विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन भी पढ़ो, तुम्हें खूब मजा आएगा। विज्ञान कथाएं तुम्हें रहस्य-रोमांच की एक अलग ही दुनिया में ले जाएंगी। आज साइंस-डे के मौके पर जानो, साइंस फिक्शन से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

# रहस्य-रोमांच से भरपूर साइंस फिक्शन

स्पेशल स्टोरी / शिखर चंद जैन

बच्चों, विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन पढ़ने का अपना अलग ही रोमांच है। कहने को तो ये काल्पनिक कथाएं होती हैं, लेकिन इनमें सिर्फ ऐसी कल्पनाएं नहीं होतीं, जो बिल्कुल ही निराधार हों, इनका साकार होना संभव न हो। दुनिया में इंसान के लिए बहुत से ऐसे उपयोगी आविष्कार हुए हैं, जो विज्ञान कथाओं से प्रेरित हैं। सक्षम और अनुभवी विज्ञानकथा लेखकों ने तकनीक, फैंटेसी और भविष्य की कल्पना का ताना-बाना बुनकर ऐसी बहुत सी रोचक विज्ञान कथाएं लिखी हैं, जो पूरी दुनिया के बच्चों को ही नहीं, बड़ों को भी खूब पसंद आई हैं।



## क्या हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं अकसर भविष्य की कल्पना करके लिखी जाती हैं। जैसे आने वाले समय में मनुष्य कौन-सी नई तकनीक इस्तेमाल कर सकता है, यातायात, संचार, रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के लिए कैसे उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है? ये कहानियां वास्तविक दुनिया से बहुत अलग होती हैं। लेकिन इन्हें असंभव या सिर्फ एक कल्पना कहकर हवा में नहीं उड़ाया जा सकता। इन विज्ञान कथाओं में ग्रहों के तरह-तरह के जीवों, अंतरिक्ष में मनुष्य के सुगमता पूर्वक रहने की कल्पना की जाती है। अलग-अलग विज्ञान कथा लेखकों ने चिकित्सा की नवीनतम प्रणालियों, यातायात के अद्भुत साधन, नई संचार प्रणालियों की कल्पना बहुत पहले की है, जो आज साकार है।

## कहां से आया 'साइंस फिक्शन' टर्म

ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के अनुसार सबसे पहले 'साइंस फिक्शन' या 'विज्ञान कथा' शब्द का प्रयोग 1851 में हुआ था। विलियम विल्सन ने इसे अपनी संकलित कविताओं की पुस्तक 'अ लिटिल अर्नेस्ट बुक अपॉन ए ग्रेट ओल्ड सब्जेक्ट' में इस्तेमाल किया था। आधुनिक समय में 'साइंस फिक्शन' शब्द को प्रचलित करने का श्रेय ह्यूगो जर्न्स बैक को जाता है। उन्होंने 1926 में विज्ञान कथाओं की पत्रिका 'अमेजिंग स्टोरीज' शुरू की थी। 1930-40 तक 'साइंस फिक्शन' शब्द बहुत लोकप्रिय हो चुका था।



## तरह-तरह की विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं यानी साइंस फिक्शन कई तरह के होते हैं। मोटे तौर पर लोग इन्हें दो शैलियों में विभाजित करते हैं- हार्ड और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं। हार्ड साइंस फिक्शन विज्ञान सम्मत सच्चे तथ्यों और सिद्धांतों पर आधारित होती हैं। इनमें फिजिकल साइंस, एस्ट्रोलॉजी और केमिस्ट्री का प्रयोग रहता है। इनमें बताया जाता है कि आने वाले दिनों में मनुष्य कई उन्नत तकनीकें विकसित कर लेगा। कई हार्ड साइंस फिक्शन लेखक तो पेशेवर वैज्ञानिक रहे हैं। उनकी कई कल्पनाएं ने बखूबी मूर्त रूप लिया और नए आविष्कारों का आधार बनीं। सॉफ्ट साइंस फिक्शन मनोविज्ञान, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमिक्स, न्यूरो साइंस और सोशियोलॉजी से आइडिया लेती हैं। ये कहानियां ज्यादातर भावनाओं और कैरेक्टर्स पर आधारित होती हैं। सामाजिक और सॉफ्ट विज्ञान कथाएं काफी हद तक काल्पनिक होती हैं। अलौकिक विज्ञान कथाओं में अद्भुत क्षमता संपन्न मनुष्यों की कल्पना और सुपरमैन जैसे पात्रों की कल्पना की जाती है। स्पेस ओपेरा में अंतरिक्ष पर दूसरे ग्रहों की दुनिया पर आधारित कहानी होती हैं। वहीं टाइम ट्रैवल में ऐसा कथानक बुना जाता है, जो किसी पात्र को अचानक बहुत समय बाद के कालखंड में मौजूद दिखाता है।

## कई आविष्कारों की प्रेरणा हैं विज्ञान कथाएं

विज्ञान कथाएं कई उपयोगी आविष्कारों की प्रेरणा बन चुकी हैं, ऐसा खुद आविष्कारकों और वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। जूल्स बर्न का विज्ञान उपन्यास 'रॉबर द कंकरर', जिसका दूसरा नाम है 'क्लिपर ऑफ द क्लाउड्स' में उड़ान भरने वाली मशीन अल्बाट्रॉस का विवरण है। इससे प्रेरित होकर अमेरिकी विशेषज्ञ आई गौर सिकोर्स्की ने हेलीकॉप्टर डिजाइन किया। रॉकेट की प्रेरणा अमेरिकी वैज्ञानिक रॉबर्ट गोडर्ड को ब्रिटिश विज्ञान कथा लेखक एचजी वेल्स की पुस्तक 'द वॉर ऑफ वर्ल्ड' से मिली। ह्यूमनायड रोबोट की प्रेरणा जापान के रोबोट विज्ञानी टोमोटाका ताकहासी को 'एस्ट्रोबॉय' कॉमिक्स से मिली। WWW यानी वर्ल्ड वाइड वेब का आइडिया ऑथर सी क्लार्क की शॉर्ट स्टोरी 'डायल एफ फॉर फ्रैंकस्टीन' से मिला, ऐसा खुद इन वैज्ञानिकों ने स्वीकार किया है। *

### पहली विज्ञान कथा



दुनिया की पहली विज्ञान कथा 1616 में जर्मन लेखक जोहान वेलेंटीन एंड्रिए लिखित उपन्यास 'द केमिकल वेडिंग' को माना जाता है। इस उपन्यास की कहानी एक ऐसे व्यक्ति की है, जिसे एक पंख वाली महिला की रहस्यमयी शाही शादी में आमंत्रित किया जाता है। भारत में विज्ञान कथाओं की विधिवत शुरुआत 1896 से मानी जाती है। प्रसिद्ध वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने 1896 में बांग्ला भाषा में 'आगोश' और 'पलातक तूफान' के नाम से विज्ञान कथाएं लिखी थीं। कुछ लोग 1905 में रुकेया शेखावत हुसैन द्वारा लिखित 'सुल्तान का सपना' को पहली विज्ञान कथा मानते हैं, जो 'द इंडियन लेडीज' मैगजीन में छपी थी। हालांकि 1882 में विज्ञान दर्पण में हेमलाल दत्त की कहानी 'रहस्य', 1884 में पंडित अंबिका दत्त व्यास द्वारा लिखित 'आश्चर्य वृतांत', 1892 में जगदानंद राय द्वारा लिखित 'शुक्र भ्रमण' शुरुआती विज्ञान कथाएं मानी जाती हैं। विज्ञान कथा या साइंस फिक्शन शब्द का प्रयोग भले ही बाद में शुरू हुआ हो लेकिन विज्ञान कथाएं बहुत पहले से किसी ने किसी रूप में लिखी-पढ़ी जाती रही हैं।

# स्पेस के नजारे दिखाते प्लेनेटोरियम

बच्चों, अगर तुम्हें खगोल विज्ञान मतलब कि सूर्य, चंद्रमा और तारों से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी चाहिए तो तारामंडल में जाकर ले सकते हो। ये तारामंडल अपने देश में कहां-कहां है? यहां जाकर तुम कैसे खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारी रोचक, सरल ढंग से पा सकते हो, जानो।

जानकारी



प्लेनेटोरियम को हम हिंदी में ताराघर या तारामंडल भी कहते हैं। वास्तव में यह एक ऐसा भवन होता है, जहां लोगों को खगोल विज्ञान से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारियां मनोरंजक ढंग से दी जाती हैं।

**ऐसा बना होता है तारामंडल:** आमतौर पर तारामंडल में गुंबद के आकार की छत होती है, इसके इर्द-गिर्द दर्शकों के बैठने के लिए स्टेडियम के तरह का हॉल होता है। इस विशेष हॉल में एक प्रोजेक्टर गुंबददार छत पर उभर रही छवियों पर रोशनी डालकर उन्हें चमकाता है। इन छवियों से संबंधित जरूरी जानकारियां वहां बैठे लोगों को कमेंट्री करके दी जाती है।

**कोई निश्चित आकार नहीं होता:** तारामंडल का कोई निश्चित आकार नहीं होता, लेकिन दुनिया का प्लेनेटोरियम नंबर वन कहा जाता है, वह तारामंडल रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में स्थित है। इसके गुंबद का आकार 37 मीटर है।



**भारत में कितने हैं तारामंडल:** भारत में 30 तारामंडल हैं। इनमें चार सबसे मशहूर हैं, जो क्रमशः मुंबई, नई दिल्ली, बैंग्लुरु और प्रयागराज में स्थित हैं। जहां तक देश के पहले एमपी बिड़ला ताराघर की बात है, यह सितंबर 1962 में कोलकाता में शुरू हुआ था।

**देते हैं खगोलीय पिंडों की जानकारी:** बच्चों, जब इन तारामंडलों में लोग अंधेरे में बैठकर गुंबद की ओर देखते हैं, तो ऐसा आभास होता है, जैसे हम किसी खुले स्थान में बैठे हुए आकाश की छटा देख रहे हों। यहां विभिन्न ग्रह-उपग्रह और तारे चलते हुए प्रतीत होते हैं। खगोलीय पिंडों के विषय में जानकारी प्रदान करने वाले ये बड़े ही उपयोगी तारामंडल हैं। इनके जरिए सूर्य, चंद्रमा और तारों की आकाश में होने वाली वार्षिक गतिविधियों को बहुत अच्छी तरह से चंद मिनटों में देखा और समझा जा सकता है।

**ऐसे हैं आधुनिक तारामंडल:** आधुनिक तारामंडलों (प्लेनेटोरियम) में स्लाइड दिखलाने वाले प्रोजेक्टर लगे रहते हैं। इनके द्वारा अंतरिक्ष यात्राओं और दूसरे ग्रहों पर उतरने के दृश्य भी दिखलाए जाते हैं।

**बढ़ता जा रहा है महत्व:** तारामंडलों का महत्व अंतरिक्ष संबंधी ज्ञान बढ़ने के साथ ही बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण, बादल, कुहरे आदि के कारण आकाश में किसी ग्रह या तारे का पता लगाना बहुत कठिन होता है, लेकिन इन्हें हम तारामंडल में सरलता से देख सकते हैं। उनकी स्थिति, विवरण और गति आदि की पूरी जानकारी भी हमें मिल जाती है। प्लेनेटोरियम की रचना बहुत ही जटिल होती है। इसमें बहुत से लेंस, प्रिज्म और दर्पण लगे होते हैं। अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को शहर में स्थित प्लेनेटोरियम में लगभग 25,000 छोटे-बड़े यंत्र हैं। इस प्रोजेक्टर का वजन लगभग 2.5 टन है। सबसे पहला प्लेनेटोरियम जीज ऑप्टिकल कंपनी, पूर्वी जर्मनी के वाल्टर ने 1923 में बनाया था। आज संसार के सभी देशों में बड़े-बड़े शहरों में प्लेनेटोरियम बने हुए हैं, जिनसे दर्शक अपने ज्ञान की वृद्धि करते हैं। *

प्रस्तुति : एफएमएन

तुम्हारे लिए नई किताब

समीर गांगुली

# मशीनों का सत्याग्रह

बच्चों, पहले कुछ बड़े बच्चों यानी किशोर पाठकों के लिए हिंदी में स्तरीय विज्ञान कथाएं पढ़ने को कम मिलती थीं, लेकिन अब लिखी जा रही हैं। इन्हीं विज्ञान कथाओं में आया है नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित एक रोचक विज्ञान फैंटेसी उपन्यास 'मशीनों का सत्याग्रह'। इसके लेखक हैं सूर्यनाथ सिंह, जिन्हें इससे पहले 'कौतुक एप' नामक साइंस फिक्शन यानी विज्ञान कल्प कथा पर साहित्य अकादमी का बाल साहित्य पुरस्कार मिल चुका है। 'मशीनों का सत्याग्रह' में एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त रोबोट्स द्वारा संचालित और नियंत्रित भविष्य की अतिविकसित दुनिया की रोमांचक कहानी है। सोचो जरा, अगर ये इंटेलीजेंट रोबोट्स एक दिन सामूहिक रूप से विद्रोह पर उतर आए तो दुनिया का क्या हाल होगा? उपन्यास की शुरुआत बाइसवीं सदी के पहले दिन नए वर्ष के उत्सव और उल्लास के माहौल से होती है। उस दौर के भविष्य की कल्पना बहुत ही रोचक अंदाज में करने के साथ ही उस समय के पर्यावरण की स्थिति को भी इसमें दिखाया गया है। सबसे अधिक रोमांच तो तब होता है, जब उत्सव के उस माहौल में अचानक खबर आती है कि रोबोट्स सत्याग्रह करते हुए सड़कों पर उतर आए हैं। फिर क्या होता है, जानने के लिए तुम्हें यह उपन्यास पढ़ना होगा। बच्चों, लेखक ने इस बात का ध्यान रखा है कि तुम तकनीकी शब्दावली और टेक्नोलॉजी की जटिलता में न उलझ कर एक रोमांचक कहानी का मजा लो। बच्चों, इसे तुम नेशनल बुक ट्रस्ट के पोर्टल या ऑनलाइन या फिर नेशनल बुक ट्रस्ट के किसी स्टोर से खरीद सकते हो। *



**किताब:** मशीनों का सत्याग्रह, **लेखक:** सूर्यनाथ सिंह, **मूल्य:**110 रुपए, **प्रकाशक:** नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली

विज्ञान कथा

जाकिर अली 'रजनीश'

करम के दिमाग में एक दिन आया कि क्यों न वह एक ऐसा रोबोट बनाए, जो उसका होमवर्क कर दिया करे। बाजार से सारे कल-पुर्जे मंगवा कर करम ने एक रोबोट बना भी लिया, लेकिन जब उसने रोबोट से होमवर्क के सवाल करने को कहा तो उसने कोई रेस्पॉन्स नहीं दिया। रोबोट ने करम का होमवर्क क्यों नहीं किया?

# इससे तो अच्छा...



अखबार में रोबोट का विज्ञापन देखकर करम के दिमाग में एक विचार कौंधा, 'क्यों न एक ऐसा रोबोट बनाया जाए, जो मेरा होमवर्क कर दिया करे।'

यह सोचकर करम रोमांचित हो उठा। अपनी सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए उसने कंप्यूटर की मदद ली। उसने इस विषय की किताबें खोज-खोज कर पढ़ीं। कई किताबों को पढ़ने के बाद करम को विश्वास हो गया कि वह भी रोबोट बना सकता है। मन में यह विश्वास आते ही वह अम्मी के पास पहुंचा। वह उस समय बेड पर बैठीं टीवी देख रही थीं। करम उनसे बहुत प्यार से बोला, 'अम्मीजान, मैं एक रोबोट बनाना चाहता हूं।'

'अरे वाह, यह तो बहुत अच्छी बात है!' अम्मी ने रोमांचित होकर पूछा, 'लेकिन बेटा, क्या तुम रोबोट बना पाओगे?'

'हां अम्मी, बस कुछ रुपयों की जरूरत पड़ेगी।' करम ने पूरे विश्वास के साथ जवाब दिया। 'ठीक है, लेकिन इससे तुम्हारी पढ़ाई नहीं डिस्टर्ब होनी चाहिए।' अम्मी ने आगाह किया।

'जी अम्मी, आप मुझ पर यकीन करें। मैं अपनी स्टडी बिल्कुल भी डिस्टर्ब नहीं होने दूंगा।' करम ने वादा किया। अम्मी को मालूम था कि करम धुन का पक्का है। वह जो ठान लेता है, करके ही मानता है। इसलिए उन्होंने उसे जरूरत के मुताबिक रुपए दे दिए। करम ने अम्मी का शुक्रिया अदा किया और अपने काम में लग गया।

सबसे पहले करम ने गूगल से रोबोट के कल-पुर्जे बनाने वाली दुकान का पता खोजा, फिर अपनी जरूरत का सामान ऑर्डर कर दिया। रोबोट के कल-पुर्जे वाली दुकान करम के शहर में थी। शाम तक करम का सारा सामान घर पर आ गया। करम ने अपने स्टडी रूम को प्रयोगशाला में बदल दिया और रोबोट बनाने में जुट गया। इस काम में उसे काफी मेहनत करनी पड़ी। जहां कहीं पर वह अटकता, गूगल की मदद ले लेता। इस तरह उसकी समस्या हल हो जाती। वह फिर से अपने काम में जुट जाता।

अंततः करम की मेहनत रंग लाई। उसका रोबोट तैयार हो गया। अपनी इस सफलता पर करम फूला नहीं समाया। उसने रोबोट का नाम रखा-रेंचो।

करम का रोबोट देखकर अम्मी-अब्बा गदगद हो उठे। उन्होंने दिल खोल कर करम की तारीफ की। करम ने अपने दोस्तों को घर बुला कर अपना रोबोट दिखाया। उसके सारे दोस्त भौंचक्के रह गए। सुमित बोला, 'क्या यह सचमुच में होमवर्क के सवाल हल कर पाएगा?'

'क्यों नहीं!' करम मुस्कुराया। उसने रोबोट को आदेश दिया, 'रेंचो, मुझे होमवर्क में जो सवाल हल करने को मिले हैं, उन्हें करके दो।'

रोबोट शांत खड़ा रहा। जैसे उसने करम की बात सुनी ही न हो। यह देखकर करम के दोस्त मुस्कुराने लगे। करम ने रोबोट को दुबारा आदेश दिया, 'रेंचो, तुमने सुना नहीं? मेरा होमवर्क करो।'

लेकिन रोबोट इस बार भी कुछ नहीं बोला। उसके पेट पर लगी स्क्रीन पर कोई संदेश उभर रहा था, लेकिन करम ने उस पर ध्यान नहीं दिया। उसने गुस्से में रोबोट के गाल पर एक झापड़ रसीद कर दिया।

रोबोट लोहे का बना हुआ था। इसलिए करम का हाथ झन्ना गया। वह हाथ पकड़कर बैठ गया और रोबोट को बुरा-भला कहने लगा। तभी करम के अब्बा वहां आ गए। वह बोले, 'यह क्या कर रहे हो बेटा? तुम अपना गुस्सा रोबोट पर क्यों उतार रहे हो?'

'अब्बा, यह मेरा कहना नहीं मानता।' करम गुस्से में बोला।

अब्बा बोले, 'इसमें इसकी क्या गलती?'

'गलती क्यों नहीं है अब्बा?' करम ने सवाल किया, 'मैंने आखिर इसे होमवर्क करने के लिए ही तो बनाया है?'

'हां, पर तुमने सिर्फ एक लोहे का ढांचा बनाया है। अगर तुम चाहते हो कि यह सवाल भी हल करे, तो तुम्हें इसके मस्तिष्क में प्रोग्राम करके गणित के सूत्र भी डालने होंगे और यह एक मुश्किल काम है।' अब्बा ने करम को समझाया।

'यह तो मुश्किल काम है।' करम ने बुझे मन से पूछा, 'इसमें कितना समय लगेगा?'

'इसमें दो-तीन साल भी लग सकते हैं। इसके लिए तुम्हें प्रोग्रामिंग सीखनी होगी, सवालों के सूत्रों को कोड में बदलना होगा, फिर उन्हें रोबोट के मस्तिष्क में...।' अब्बा ने बताया।

करम अब्बा की बात बीच में ही काटते हुए बोला, 'इससे तो अच्छा है कि मैं अपने सवाल खुद ही हल कर लूं।'

तभी करम की आंख खुल गई। यह क्या? क्या वह सपना देख रहा था? हां, वह तो मेज पर सिर रख कर सो गया था। शायद अम्मी के पैरों की आहट सुनकर उसकी नींद टूटी थी।

उसी समय अम्मी वहां आ गईं, बोलीं, 'क्या सोच रहे हो बेटा?'

'ज... जी कुछ नहीं।' करम चौंकते हुए बोला और फिर सवाल सॉल्व करने में व्यस्त हो गया। *

कविता

अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'



## मानव शरीर

भैया यह मानव शरीर है
चलती-फिरती मशीन।
भांति-भांति के लगे हैं पुर्जे
काम हैं जिनके बड़े महीन।
जैसे भवन बना करते
ढेरों ईंटों के मेल से।
वैसे बना शरीर हमारा
छोटे-छोटे सेल से।
पेट हमारी भट्ठी जिसमें
खाद्य पदार्थ जला करते।
अम्ल, क्षार और रस में घुलकर
हर कोशिका को मिला करते।
जैसे कि पंपिंग मशीन
हर घर में जल पहुंचाता है।
वैसे ही सारे अंगों में
हृदय रक्त दौड़ाता है।
शोधक यंत्र हमारे गुर्दे
नियमित काम किया करते।
अच्छी चीजें रख लेते और
गंदा फेंक दिया करते।
खोजी यंत्र हमारी आंखें
देतीं दिमाग को हर संदेश।
कंप्यूटर दिमाग निर्णय लेता
देता है अंगों को आदेश।

## जीके क्विज-143

1. किस वैज्ञानिक खोज की स्मृति में प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है?
2. किस भारतीय वैज्ञानिक ने सर्वप्रथम पता लगाया कि पेड़-पौधों में भी जीवन होता है?
3. भारत में परमाणु कार्यक्रम की शुरुआत का श्रेय किस वैज्ञानिक को जाता है?
4. किस भारतीय वैज्ञानिक को 'मिसाइल मैन' के नाम से जाना जाता है?
5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. खगोलीय वेधशाला 'जंतर मंतर' का निर्माण किस शासक ने करवाया था?
7. भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
8. हाल ही में यूके में मानद नाइटहुड की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया है?
9. किस भारतीय स्वाधीनता सेनानी को 'देशबंधु' के नाम से जाना जाता है?
10. 'वेदों की ओर लौटो' का नारा किसने दिया था?



बच्चों, जीके क्विज-143 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

**जीके क्विज-142 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.पंकज आडवाणी, 3.रेखा गुप्ता, 4.रोलेट एक्ट (1919), 5. 22 दिसंबर, 6.आर.के. नारायण, 7.विटामिन डी, 8.हाइड्रोजन, 9.नाइक्रोम, 10.आर्यभट्ट

**जीके क्विज-142 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, रोहित-बिलासपुर, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, ज्योति-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक, अनिता-महासमुंद, दिव्या-महेंद्रगढ़, कशिश-भोपाल, अमन-रायपुर

## अंतर बताओ

बच्चों, यहां लैब में एक्सपेरिमेंट कर रहे साइंटिस्ट के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में 7 अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर बताओ।



उत्तर: 1.पीछे बाईं तरफ रखा बीकर गायब है। 2.अल्कोहल बर्नर नहीं जल रहा है। 3.एर्लेनमेयर फ्लास्क के ऊपर बबल्स निकल रहे हैं। 4.आगे बाईं तरफ रखा जार गायब है। 5.आगे, दाहिनी तरफ टेस्ट-ट्यूब रैक पर एक के बजाय दो टेस्ट-ट्यूब रखे हैं। 6.दाहिनी तरफ रखे जार का ढक्कन खुला हुआ है। 7.साइंटिस्ट के चश्मे का फ्रेम डिफरेंट कलर का है।

## ढूंढो तो जरा...

बच्चों, दिए गए चित्र में नीचे सोलर सिस्टम और स्पेस रिसर्च से रिलेटेड जुड़े कुछ टर्म्स दिए गए हैं। तुम ऊपर बॉक्सेज में से उन टर्म्स को ढूंढकर बताओ।

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| O | Y | J | U | A | X | I | K | H | N | S |
| I | S | H | U | T | T | L | E | C | A | P |
| W | R | N | G | R | X | B | A | Q | S | A |
| G | R | A | V | I | T | Y | S | H | A | C |
| A | T | M | O | S | P | H | E | R | E | E |
| Y | P | L | A | N | E | T | F | V | D | M |
| T | C | E | X | P | L | O | R | E | S | E |
| T | L | A | U | N | C | H | X | N | O | T |
| J | P | Y | M | C | A | P | S | U | L | E |
| N | C | Q | X | R | D | P | O | S | A | O |
| H | F | N | Y | Y | L | G | J | H | R | R |

LAUNCH
VENUS
SHUTTLE
PLANET
CAPSULE
ATMOSPHERE
EXPLORE
NASA
GRAVITY
METEOR
SOLAR
SPACE